# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




5 पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर भाला फेंक सकता हूं : नीरज चोपड़ा

6 पूरी आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं!

7 एक और 'ढाका त्रासदी' होने की आशंका : इमरान खान



## फर्स्ट टेक

### जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उनके कब्जे से तीन हथगोले बरामद किए गए हैं। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े कुछ अज्ञात आतंकवादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से बारामूला शहर में घूम रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि तीनों की पहचान ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू और फहीम अहमद मीर के रूप में हुई है जो कथित तौर पर सुरक्षा बलों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दे रहे थे।

### रूस ने आतंकी हमले की साजिश रचने के दो संदिग्धों को मार गिराया

**मॉस्को/एपी।** रूस के विशेष बलों ने देश के दक्षिणी हिस्से में आतंकी हमले की साजिश रच रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को बृहस्पतिवार को मठभेड़ के दौरान मार गिराया। राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी समिति ने यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि संदिग्धों के लिए काबर्डिनो-बलकारिया गणराज्य की राजधानी नालचिक के बाहरी इलाके में नाकाबंदी की गई थी। उन्होंने कहा कि संघीय सुरक्षा सेवा के विशेष बलों पर गोलियां चला दीं। समिति ने यह नहीं बताया कि संदिग्ध किन गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। मॉस्को में कॉन्सर्ट हॉल पर 22 मार्च को बंदूकधारियों के हमले में 145 लोग मारे गए थे। इस घटना को लेकर बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच यह गोलीबारी हुई है।

### डैमसन टेक की विनिर्माण कार्यों को चीन से भारत लाने की योजना

**नई दिल्ली/भाषा।** पावर बैंक, छोटे स्पीकर और मोबाइल से जुड़े उत्पाद बनाने वाली डैमसन टेक्नोलॉजीज अपने विनिर्माण कार्यों का आधा हिस्सा चीन से भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। इसके लिए कंपनी चालू वित्त वर्ष में 150 करोड़ रुपए का शुरुआती निवेश करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा प्रदाता डैमसन टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक रितेश गोयनका ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कंपनी वर्तमान में चीन में उपकरणों का विनिर्माण कर रही है। अब आधा विनिर्माण कार्य भारत स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। इसका कारण चीन पर कई देशों के प्रतिबंधों के साथ-साथ भारत में सरकारी योजनाओं के तहत दिए जा रहे लाभ हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान में, हमारा राजस्व 1,000 करोड़ रुपए से अधिक है।

| | |
|---|---|
| 11-04-2024 सूर्यास्त 5:57 बजे | 12-04-2024 सूर्योदय 6:21 बजे |
| BSE 75,038.15 (+354.45) | NSE 22,753.80 (+111.05) |
| सोना 7,207 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 84,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बेमेल गठजोड़

जब भी होता है गठबंधन,  
जुड़ते उसमें अवसरवादी।  
दोषारोपण इक दूजे पर,  
करने वाले हैं बकवादी।  
हैं सभी सियासत की चालें,  
वादी ना कोई प्रतिवादी।  
जैसे मजबूरी में कोई,  
करता है अनचाही शादी।।

## तीन दशक की तपस्या का परिणाम है राम मंदिर का निर्माण : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण 30 साल की तपस्या और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यहां दत्ताजी भाले स्मृति समिति कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि पूरा देश राम लला की प्रतिमा स्थापित होने से अभिभूत है।



भागवत ने अपने भाषण में कहा, ''लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए धन दिया। यह 30 साल के संघर्ष के बाद संभव हो पाया। हम 500 सालों से राम जन्मभूमि पर मंदिर चाहते थे। लोग चंदा देने को तैयार थे और पूरा देश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समय अभिभूत था।''

आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''कई लोगों की तपस्या और समर्पण से यह प्राप्त हुआ।'' उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ साल में दुनियाभर में भारत का कद बढ़ा है और उसकी धरोहर तथा संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में अच्छे बदलाव लाने का समय आ गया है। भागवत ने कहा, ''देश की प्रगति और विकास में बहुत परिश्रम लगा है। निस्वार्थ लोग परिणाम के बारे में सोचे बिना परिश्रम करते हैं। वे परिणाम चाहते हैं, भले ही वो उनके जीवनकाल में नहीं प्राप्त हो।''

## सागर तट से हिमालय की गोद तक, 'फिर एक बार मोदी सरकार' की है गूंज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ सरकार ने बीते 10 साल में भारत को कई गुना ज्यादा मजबूत बना दिया है।

**ऋषिकेश/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड में ऋषिकेश स्थित आई.डी.पी.एल मैदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपहार स्वरूप पहाड़ी वाद्य यंत्र हुड़का भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं भी हुड़का बजाया। उन्होंने कहा कि कल मैं भारत के दक्षिणी छोर पर, सागर तट पर बसे तमिलनाडु में था। वहां भी लोग कह रहे हैं- फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि आज वो हिमालय की गोद में, बाबा केदार और बद्री विशाल के सानिध्य में आए हैं तो यहां भी फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज है। उन्होंने कहा, ये गूंज इसलिए है, क्योंकि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार का काम देखा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा के सानिध्य में बसे, चार धाम के द्वार ऋषिकेश में इतनी विशाल संख्या में लोग हमें आशीर्वाद देने आए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी वो उत्तराखंड आते हैं तो अपने परिवारजनों के साथ पुरानी यादें भी ताज़ा करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, देवभूमि में देवताओं का आवाहन करने की परंपरा है। हुड़का की थाप से देवताओं का आह्वान किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज उन्हें भी देवता रूपी जनता जनार्दन का आह्वान करने के लिए हुड़का बजाने का सौभाग्य मिला। मोदी ने कहा कि सरकार ने बीते 10 साल में भारत को कई गुना ज्यादा मजबूत बना दिया है। जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है, तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। कमज़ोर और अस्थिर सरकारो में भारत में आतंकवाद ने पैर पसारे। उन्होंने कहा कि आज भारत में मोदी की मज़बूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है, भारत का तिरंगा युद्धक्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बनता है।

## देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आइजोल/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने का फैसला किया है, क्योंकि सरकार देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जयशंकर ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।



फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के उपरांत म्यांमा से हजारों लोगों ने वहां से भागकर पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों, विशेषकर मिजोरम में शरण ली है।

जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे देश की सुरक्षा एवं मिजोरम सहित हमारे राज्यों की सुरक्षा के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। यद्यपि अभी हम जो सावधानियां बरत रहे हैं, वे (म्यांमा में) एक निश्चित स्थिति की वजह से हैं। अभी भी हमारा पड़ोसी देश बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है। अगर म्यांमा में चीजें सामान्य होतीं तो ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि केंद्र लोगों के हितों, परंपराओं, रीति-रिवाजों और सीमा पार रिश्तों के प्रति बहुत संवेदनशील है। उन्होंने सीमा पर प्रस्तावित बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने के बारे में कहा, फिलहाल यह महत्वपूर्ण है कि हम सावधानी बरतें। इसलिए हम चाहते हैं कि लोग समझें कि ऐसा मौजूदा स्थिति के कारण है।

केंद्र ने फरवरी में भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफआरएम) को खत्म करने का फैसला किया था।

## बीआरएस नेता कविता को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

### आबकारी 'घोटाले' से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी

**नई दिल्ली/भाषा।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने उन्हें वहीं गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कविता बृहस्पतिवार को तिहाड़ जेल में रहेंगी और एजेंसी उनकी हिरासत मांगने के लिए शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश कर सकती है।



## हरियाणा में स्कूल बस पलटने से छह बच्चों की मौत, 20 घायल

■ प्रधानाध्यापक समेत तीन गिरफ्तार

■ हादसे के समय नशे में था बस चालक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में बृहस्पतिवार को स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक बस के पेड़ से टकराकर पलट जाने से छह विद्यार्थियों की मौत हो गई और लगभग 20 घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्कूल प्रधानाध्यापक और बस चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि हादसे के समय बस चालक नशे में था।

राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने अस्पतालों में घायल छात्रों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि निजी स्कूल को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा गया है कि ईद के अवसर पर छुट्टी होने के बावजूद यह कैसे खुला था।



यह घटना कनीना में उन्हाणी गांव के निकट सुबह लगभग 8.30 बजे उस वक्त हुई जब बस प्राथमिक से माध्यमिक कक्षाओं के लगभग 40 बच्चों को लेकर जी एल पब्लिक स्कूल जा रही थी। पुलिस ने कहा कि चालक धर्मेंद्र तेजी से बस चला रहा था और उसका बस पर से नियंत्रण खो गया और यह एक पेड़ से टकराकर पलट गई।

महेंद्रगढ़ के पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया कि इस हादसे में छह छात्रों की मौत हो गई है जबकि लगभग 20 छात्र घायल हैं।

पुलिस ने कहा कि चालक को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी मेडिकल जांच में पुष्टि हुई कि वह शराब के नशे में था। पुलिस ने स्कूल की प्रधानाध्यापक दीप्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है। स्कूल के एक और अधिकारी होशियार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

## लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर में पिछले तीन महीने से अधिक समय में यह आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच पहली मुठभेड़ थी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने जिले के राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) से जुड़ा था जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

## एप्पल ने पेगासस जैसे स्पाइवेयर हमलों को लेकर उपयोगकर्ताओं को आगाह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आईफोन विनिर्माता एप्पल ने अपने उपयोगकर्ताओं को पेगासस जैसे परिष्कृत स्पाइवेयर हमलों को लेकर आगाह करते हुए कहा है कि सीमित संख्या में लोगों को इनका निशाना बनाया जा रहा है। स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल हैं।

हालांकि, एप्पल ने इन हमलों को लेकर जारी एक सूचना में कहा कि अक्सर ऊंची लागत आने की वजह से कम संख्या में ही स्पाइवेयर को तैनात किया जाता है लेकिन भाड़े के स्पाइवेयर से हमले 'जारी हैं और वैश्विक' स्तर पर किए जा रहे हैं।



एप्पल ने 10 अप्रैल को जारी इस खतरे की अधिसूचना में पिछले शोध और रिपोर्टों के आधार पर यह संकेत दिया है कि ऐसे हमलों का ताल्लुक ऐतिहासिक रूप से सरकार से जुड़े पक्षों से रहा है। यह अधिसूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं।

दिग्गज फोन विनिर्माता ने कहा, खतरे की सूचनाएं उन उपयोगकर्ताओं को सूचित करने और मदद करने के लिए तैयार की गई हैं, जिन्हें व्यक्तिगत रूप से भाड़े के स्पाइवेयर हमलों से निशाना बनाया गया हो। संभवतः ऐसा इसलिए हो कि वे कौन हैं या क्या करते हैं। ऐसे हमले नियमित साइबर आपराधिक गतिविधियों एवं उपभोक्ता मालवेयर की तुलना में बहुत अधिक जटिल होते हैं क्योंकि भाड़े के स्पाइवेयर से हमला करने वाले बहुत कम संख्या में विशिष्ट व्यक्तियों और उनके फोन को लक्षित करने के लिए असाधारण संसाधनों का उपयोग करते हैं।

## मोदी की गारंटी पर है 'नेशनल ट्रस्ट': अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में कई ''नेशनल क्रश (देश के आकर्षक का केंद्र)'' होंगे लेकिन केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर 'नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय भरोसा)' है।



हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न केवल देश के बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने हमीरपुर के गांधी चौक पर एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''पूरा भारत आज लोकतंत्र के महान उत्सव को पूरे उत्साह के साथ मना रहा है। देश में कई 'नेशनल क्रश' होंगे लेकिन भरोसे की गारंटी केवल मोदी देते हैं।'' मंत्री ने कहा कि जनता आज केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी गारंटी पर भरोसा करती है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उसके वादों की पूरे देश में पोल खुल चुकी है और हिमाचल प्रदेश कोई अपवाद नहीं है जहां पार्टी महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये देने, 100 रुपये प्रति लीटर दूध खरीदने और युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है।

## देशभर में उल्लास के साथ मनाई गई ईद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देशभर में बृहस्पतिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मौके पर मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की।

राष्ट्रीय राजधानी में, पुराने शहर में 17वीं सदी की जामा मस्जिद में सुबह की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे और एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। चांदनी चौक, मीना बाजार और दरीबा कलां सहित जामा मस्जिद के आसपास के बाजारों में उत्सव जैसा माहौल रहा और त्योहार के लिए जमकर खरीदारी हुई। जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद स्थानीय निवासी



मोहम्मद गुफरान अफरीदी ने कहा, इस्लाम का संदेश है कि सभी धर्मों के लोगों को प्रेम और स्नेह के साथ रहना चाहिए। यही 'गंगा-जमुनी तहजीब' है। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

महीने भर के सुबह से शाम तक के उपवास के बाद, लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन बेचने वाले भोजनालयों और रेस्तरांओं की ओर रुख किया और अपने पड़ोसियों, दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मुलाकात की और 'सेवई' और 'खीर' जैसी मिठाइयां साझा कीं।

केरल और लद्दाख में बुधवार को ईद मनाई गई, जबकि देश के बाकी हिस्सों में यह बृहस्पतिवार को मनाई गई।

ईद उल फितर के मौके पर बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नगर के पुराने इलाके में ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज़ अदा करने के लिए भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए।

अधिकारियों ने कहा कि लखनऊ के अलावा, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, प्रयागराज, मेरठ और बाराबंकी में भी ईद पर बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों और ईदगाहों में पहुंचे। पुलिस ने कहा कि राज्य में 31,000 से अधिक ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई।

नमाज अदा करने के बाद, लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन बेचने वाले भोजनालयों और रेस्तरांओं की ओर रुख किया और अपने पड़ोसियों, दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मुलाकात की और 'सेवई' और 'खीर' जैसी दूध आधारित मिठाइयों का जमकर लुत्फ उठाया।

## यूक्रेन में सेना में अनिवार्य भर्ती को बढ़ावा देने संबंधी एक विवादास्पद कानून को मंजूरी

**कीव/एपी।** यूक्रेन की संसद ने सेना में अनिवार्य भर्ती को बढ़ावा देने और विभिन्न रैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती संबंधी एक विवादास्पद कानून को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इस कानून के प्रारंभिक मसौदे को रद्द करने के लिए हजारों संशोधन पेश किए गए जिसके चलते इसमें महीनों का समय लगा और विलंब हुआ। सांसदों ने भी इस कानून को लेकर लंबे समय तक उदासीन रवैया अपनाया हुआ था। पहले से ही अनुमान जताया जा रहा था कि यह कानून लोगों को पसंद नहीं आएगा। यह कानून पूर्व सेना कमांडर वालेरी जालुझनी के अनुरोध पर तैयार किया गया है जिन्होंने कहा था कि सेना के विभिन्न रैंकों को मजबूत बनाने के लिए 5,00,000 नई भर्तियों की जरूरत है।

## वियतनाम में धोखाधड़ी मामले में रियल एस्टेट दिग्गज ट्रूंग माई लैन को सुनाई गई मौत की सजा

**हनोई/एपी।** वियतनाम में अब तक के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में हो ची मिन्ह शहर की एक अदालत ने रियल एस्टेट कारोबारी ट्रूओंग माई लैन को बृहस्पतिवार को मौत की सजा सुनाई। सरकारी मीडिया 'थान निएन' ने यह जानकारी दी। रियल एस्टेट कंपनी 'वान थिन्ह फैट' की 67 वर्षीय अध्यक्ष पर 12.5 अरब डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था, जो देश की 2022 की जीडीपी का लगभग तीन प्रतिशत है। लैन ने 2012 से 2022 के बीच 'साइगॉन ज्वाइंट स्टॉक कमर्शियल बैंक' पर अवैध रूप से नियंत्रण किया ताकि हजारों मुखौटा कंपनियों की आड़ में धन का गबन किया जा सके।



# एमवीए ऐसा ऑटोरिक्शा है जिसमें दूसरे वाहनों के पुर्जे लगे हैं, इसकी कोई दिशा नहीं है : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) एक ऐसा ऑटोरिक्शा है जिसमें दूसरे वाहनों के कलपुर्जे लगे हैं और इसकी कोई दिशा तथा भविष्य नहीं है। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।

मध्य महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में स्थानीय सांसद और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रताप पाटिल चिखलीकर के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि भाजपा नीत राजग में मतदाताओं के पास एक मजबूत राष्ट्रवादी विकल्प मौजूद है। कांग्रेस के पूर्व नेता अशोक चव्हाण भी मंच पर मौजूद थे जो 2014 से 2019 तक नांदेड़ से कांग्रेस के सांसद रहे और इस साल की शुरूआत में भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा नेता ने कहा, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली नकली शिवसेना है, शरद पवार की अगुवाई वाली नकली राकांपा है और आधी बची कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि ये ऐसा ऑटोरिक्शा है जिसके तीन पहिये हैं, लेकिन ''(स्पीड) गवर्नर अंबेसेडर का, गियर बॉक्स फिएट का और बाकी इंजन मर्सडीज का है और इस ऑटोरिक्शा की कोई दिशा नहीं है। उन्होंने कहा, इसका कोई भविष्य नहीं है। यह स्पष्ट है कि इस चुनाव के बाद आपसी मतभेद से ये सभी डूबने वाले हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में दुनिया में 11वें स्थान पर रही भारतीय अर्थव्यवस्था को पांचवें स्थान पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अगर मोदी को एक और कार्यकाल मिलता है तो वह भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। शाह ने कहा, चिखलीकर को दिया गया हर वोट मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की संभावनाओं को भी मजबूत करेगा।

# भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता रोहन गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस पर 'अपमान' और 'चरित्र हनन' का आरोप लगाते हुए पिछले महीने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में गुप्ता भाजपा में शामिल हुए। गुप्ता के अलावा हाल ही में सेवा से इस्तीफा देने वाली भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व अधिकारी परमपाल कौर, उनके पति गुरप्रीत सिंह मलूका और जम्मू एवं कश्मीर के कांग्रेस नेता जहांजेब सिरवाल भी सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए। मलूका शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता सिकंदर सिंह मलूका के बेटे हैं। कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को अहमदाबाद पूर्व लोकसभा सीट से टिकट दिया था लेकिन उन्होंने अपने पिता की खराब सेहत का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया था। इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी।

कांग्रेस में करीब 15 साल रहने के बाद गुप्ता ने कहा कि यह पार्टी दिशाहीन है और विरोधाभासों से भरी है जिससे उसकी विश्वसनीयता कम हुई है। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समरोह में शामिल नहीं होने, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध करने और आम आदमी पार्टी जैसे दलों से गठजोड़ जैसे मुद्दों का उल्लेख किया और यह बताने की कोशिश की कैसे कांग्रेस कैसे विरोधाभासों से भरी है। गुप्ता ने भाजपा के 2047 तक विकसित भारत के एजेंडे का समर्थन किया



और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के जिस नेता के नाम में 'राम' है, उन्होंने उनसे उस समय चुप रहने को कहा जब सनातन धर्म का अपमान किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा है, वे कांग्रेस के लिए विजन तैयार कर रहे हैं।

पार्टी के पूर्व सोशल मीडिया प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस वामपंथियों की ओर झुक गई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पार्टी कह रही है कि वह अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ करने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है लेकिन दूसरी तरफ वह मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुई। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोषी ने अहमदाबाद में संवाददाताओं से कहा कि गुप्ता की भाजपा के प्रति निष्ठा तब उजागर हो गई जब उन्होंने कांग्रेस की लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट की पेशकश को ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा कि वह अधिकृत रूप से तो कांग्रेस में थे लेकिन अनधिकृत रूप से लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए थे।

दोषी ने कहा, हम पहले से जानते थे कि कांग्रेस के साथ रहना उनका खेल है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पद और प्रतिष्ठा दी और उन्होंने इसका इस्तेमाल पैसे कमाने के लिए किया और फिर पार्टी को धोखा दिया। पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया और इस दौड़ से उनका बाहर होना सब कुछ उजागर कर गया। अब वह भाजपा द्वारा दी गई स्क्रिप्ट बोल रहे हैं। अहमदाबाद (पूर्व) संसदीय क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेते हुए गुप्ता ने कहा था कि उन्होंने अपने बीमार पिता के आग्रह पर ऐसा किया। पिछले दिनों कांग्रेस के एक और प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी भाजपा का दामन थाम लिया था।

# उत्तर पश्चिम भारत में इस सप्ताहांत में बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों और अरब सागर से आने वाली उच्च नमी के कारण इस सप्ताह के अंत में उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ों और मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 13 से 15 अप्रैल के बीच गरज के साथ बारिश होने, बिजली कड़कने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

आईएमडी ने एक बयान में कहा, चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ पवन के रूप में पश्चिम ईरान पर स्थित है और मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ पवनों में एक और चक्रवाती परिसंचरण के रूप में 72 अंश पूर्व देशांतर के साथ 32 अंश उत्तरी अक्षांश तक फैला है। 13-15 अप्रैल के दौरान अरब सागर से उत्तर पश्चिम भारत में उच्च नमी आने की संभावना है। उसने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, 13-15 अप्रैल के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना है, जिसकी तीव्रता शनिवार और रविवार को चरम पर हो सकती है। आईएमडी ने तेज हवाओं से फसलों को नुकसान होने और ओले गिरने से खुले में मौजूद लोगों और मवेशियों के चोटिल होने की चेतावनी भी जारी की। उसने कहा कि तेज हवाओं से कच्चे मकानों की दीवारें और झोपड़ियों को नुकसान पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम भारत में किसानों को जल्द से जल्द पकी हुई फसलों, फलों और सब्जियों की कटाई करने और कटी हुई उपज को सुरक्षित स्थानों पर रखने या खेतों में कटी हुई उपज के ढेर को तिरपाल से ढंकने का सुझाव दिया।

# कांग्रेस से भाजपा में लौटे शुक्ला मेरे बारे में निराधार बयान दे रहेः उषा ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश की पूर्व काबीना मंत्री और महू सीट से मौजूदा विधायक उषा ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस से हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में लौटे रामकिशोर शुक्ला उनके बारे में बेबुनियाद बयान दे रहे हैं।

भाजपा विधायक ठाकुर ने यह बात शुक्ला के एक हालिया बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए कही। इस बयान में शुक्ला ने चौंकाने वाला दावा किया है कि उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर महू से पिछला विधानसभा चुनाव ठाकुर और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक स्थानीय नेता की सहमति से बनी रणनीति के तहत लड़ा था ताकि त्रिकोणीय संघर्ष की गवाह रही इस सीट पर भाजपा की जीत पक्की की जा सके। ठाकुर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मेरे बारे में शुक्ला का दावा एकदम बेबुनियाद और



निरर्थक है। उनके कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में महू से चुनाव लड़ने से मेरा या भाजपा का कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा छोड़कर जाने से पहले शुक्ला उनसे मिलकर रोए थे कि पार्टी में 20 साल से काम करने के बावजूद उन्हें कोई अहम जिम्मेदारी नहीं दी जा रही है, इसलिए उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर महू से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पिछले साल नवंबर के दौरान हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की तत्कालीन संस्कृति मंत्री और भाजपा उम्मीदवार उषा ठाकुर ने महू से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की थी। कांग्रेस का टिकट न मिलने पर बगावत करके निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अंतर सिंह दरबार को ठाकुर ने 34,392 मतों के अंतर से मात दी थी।

# श्रम, भूमि क्षेत्र में सुधारों को लागू करने को केंद्र, राज्यों को साथ आने की जरूरत : सीआईआई

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए केंद्र और राज्यों को श्रम तथा भूमि क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सुधारों को आगे बढ़ाने को लेकर एक साथ आने की जरूरत है। उन्होंने सीआईआई के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उम्मीद जतायी कि भारतीय रिजर्व बैंक दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती करेगा। आरबीआई फरवरी, 2023 से रेपो दर को 6.5% पर बनाए हुए है।

सीआईआई अध्यक्ष ने बातचीत में देश की वृद्धि क्षमता को पूरी तरह साकार करने के लिए आवश्यक सुधारों पर उद्योग मंडल के दृष्टिकोण को साझा किया। दिनेश ने कहा, सीआईआई की तरफ से जब हम वृद्धि दर में तेजी लाने पर गौर करते हैं.... तो मोटे तौर पर हम तीन-चार क्षेत्रों के बारे में बात करते हैं। सबसे पहले भूमि और श्रम क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सुधारों पर ध्यान देने की जरूरत है। कुछ हद तक कृषि क्षेत्र में भी सुधार की जरूरत है। उन्होंने सुधारों को लेकर सभी राज्यों के बीच आम सहमति बनाने की भी बात कही। दिनेश ने कहा कि सीआईआई ने एक ऐसी संरचना का सुझाव दिया है जिससे केंद्र और राज्य बड़े पैमाने पर सुधारों पर मिलकर काम कर सकें। जीएसटी की तरह संघीय संरचना इसके लिए कारगर हो सकती है। उन्होंने निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के बारे में कहा कि इसका प्रतिशत जरूर समान बना हुआ है, लेकिन क्षमता उपयोग पर सीआईआई सर्वेक्षण से पता चला है कि सभी प्रमुख क्षेत्रों में 75 प्रतिशत से ऊपर का स्तर होने का अनुमान है।

# नक्सली नेताओं का कूरियर गिरफ्तार

**राजनांदगांव/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सुरक्षाबलों ने माओवादी नेताओं के कूरियर को गिरफ्तार करके उसके पास से नक्सलियों के पोस्टर और अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अश्वंत आंधिया नामक व्यक्ति नक्सलियों के कूरियर के रूप में काम करता है। सूचना के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को आंधिया को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने आंधिया से पूछताछ की तब उसने बताया कि वह जनवरी 2022 से नक्सली नेता विजय रेड्डी, लोकेश सलामे, रिता सलामे, रूपेश, मंगेश, विनोद, राजे और अन्य नक्सलियों के संपर्क में है तथा वह उनके लिए सामान आपूर्ति का काम करता है। उसने बताया कि वह उनके पैसे को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करता है। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान आंधिया ने पुलिस को जानकारी दी कि इस वर्ष 12 मार्च से 16 मार्च के मध्य वह विजय रेड्डी से मिला था। रेड्डी ने उसे दो लाख रुपए, एक मेमोरी कार्ड रीडर और कुछ नक्सली पर्चे दिए थे। उसे रायपुर में एक व्यक्ति को रुपए पहुंचाने तथा एक अन्य मेमोरी कार्ड रीडर खरीदकर लाने के लिए कहा गया था। इस काम के लिए उसे पांच हजार रुपए दिए गए थे। उन्होंने बताया कि आंधिया ने 20 मार्च को एक व्यक्ति को रुपए दे दिए और उस व्यक्ति से एक बंद लिफाफा लेकर विजय रेड्डी के पास पहुंचा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि आंधिया 2022 से लगातार नक्सलियों के लिए सामान और पैसे पहुंचाने का काम कर रहा था। वह नक्सलियों द्वारा दिए गए पर्चे और पोस्टर भी वितरित करने का काम करता था।

# दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के बाहरी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का रहने वाला सतेंद्र कुमार (20) पिछले महीने दिल्ली के मोती नगर इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। पुलिस उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि कुमार के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद छापेमारी के दौरान उसे धर दबोचा गया। आरोपी ने खुलासा किया कि वह सितंबर 2023 में लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा-कपिल मान गिरोह के सदस्यों में से किसी एक के संपर्क में आया था। मार्च के अंतिम सप्ताह में उसे नारायाणा के एक तय स्थान पर पहुंचने को कहा गया था, जहां वह स्कूटर पर आए एक अन्य लड़के से मिला।''

# फोन टैपिंग मामले में पूर्व डीसीपी गिरफ्तार, अपहरण, जबरन वसूली का मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** पुलिस ने फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार एक पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पर अब एक व्यवसायी की शिकायत के आधार पर अपहरण और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता ने कहा है कि 2018 में उसका अपहरण हुआ था और तब उसे धमकी देकर अपनी कंपनी अपने बिजनेस पार्टनर को सौंपने को कहा गया था। आठ अप्रैल को दर्ज कराई गई एक पुलिस शिकायत में, एक स्वास्थ्य सेवा कंपनी की स्थापना करने वाले व्यवसायी ने कहा था कि उसके अपहरण के लिए कंपनी के चार अंशकालिक निदेशकों और हैदराबाद पुलिस की एक शाखा 'कमिश्नर टास्क फोर्स' के पूर्व डीसीपी राधा किशन राव के साथ मिलीभगत हुई थी। शिकायत में कहा गया है कि तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उन पर अपनी कंपनी के 100 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर चार निदेशकों को हस्तांतरित करने के लिए दबाव डाला था। पूर्व डीसीपी को फोन टैपिंग मामले की चल रही जांच के तहत और कथित तौर पर कुछ कंप्यूटर सिस्टम एवं आधिकारिक डेटा नष्ट करने के आरोप में 29 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली के इतिहास में पहली बार सड़कों पर नहीं, मस्जिदों के अंदर नमाज अदा की गई : उपराज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल की ईद पर दिल्ली के इतिहास में शायद पहली बार मस्जिदों के अंदर नमाज अदा की गई, सड़कों पर नहीं और यह सौहार्द तथा साथ में रहने का उत्कृष्ट उदाहरण है।

सक्सेना ने बृहस्पतिवार को ईद के मौके पर लोगों को बधाई दी और कहा कि इससे पता चलता है कि सभी मुद्दों का समाधान आपसी बातचीत और सद्भावना से किया जा सकता है।

सक्सेना ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि दिल्ली में कहीं भी सड़क पर नमाज अदा नहीं की गई और कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ईद-उल-फितर की बधाइयों को दोहराते हुए मैं

सक्सेना ने ईद के मौके पर लोगों को बधाई दी और कहा कि इससे पता चलता है कि बातचीत और सद्भावना से किया जा सकता है सभी मुद्दों का समाधान



दिल्ली की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों के इमामों और हमारे सभी मुसलमान भाइयों का मस्जिद परिसरों के अंदर ही नमाज अदा करने के लिए दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

सक्सेना ने कहा कि मस्जिद के अंदर नमाज अदा करके मुस्लिम समुदाय के सदस्यों और इमामों ने सुनिश्चित किया कि सड़कों पर जाम नहीं लगे और आम आदमी को कोई समस्या नहीं हो। उन्होंने कहा, दिल्ली के इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ कि लोगों ने मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की, सड़कों पर नहीं। दिल्ली ने आज ऐसा करके देश में सौहार्द और सहयोग का महान उदाहरण पेश किया है। उपराज्यपाल ने कहा कि उन्होंने चार अप्रैल को दिल्ली के अनेक इमामों के साथ बैठक में इस बारे में चर्चा की थी और उनसे अपील की थी। उन्होंने कहा कि समुदाय ने नमाज के अलग-अलग समय के उनके सुझाव का स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि इसे लागू किया जाएगा।

# सीबीआई ने संदेशखालि में जमीन कब्जाने की शिकायतों के लिए ई-मेल आईडी जारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक ई-मेल आईडी जारी की है जिस पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में पीड़ित अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में ई-मेल आईडी जारी की है। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, उत्तर 24 परगना के जिलाधिकारी से भी अनुरोध किया गया है कि वे इलाके में संबंधित ई-मेल आईडी के बारे में प्रचार करें और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार क्षेत्रों में व्यापक प्रसार वाले स्थानीय अखबारों में एक सार्वजनिक सूचना भी जारी करें।

सूत्रों ने कहा कि सीबीआई प्राप्त शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज करना शुरू करेगी। उच्च न्यायालय ने बुधवार को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि कब्जा करने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश देते हुए कहा कि न्याय के हित में ''निष्पक्ष जांच'' आवश्यक है। अदालत ने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड का गहन निरीक्षण और कथित रूप से भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख दो मई को सीबीआई को रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। राज्य सरकार को सीबीआई को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया। एजेंसी पहले से ही संदेशखालि में ईडी के अधिकारियों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर उकसाई गई भीड़ द्वारा किए गए हमलों से संबंधित तीन मामलों की जांच कर रही है।

# एसबीआई ने आरटीआई अधिनियम के तहत चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने से इनकार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 'सूचना का अधिकार' (आरटीआई) अधिनियम के तहत निर्वाचन आयोग (ईसी) को दिए गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया, भले ही रिकॉर्ड आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक हो चुका है। बैंक ने दावा किया है कि यह वायदे के अनुरूप संभालकर रखी गई व्यक्तिगत जानकारी है।

उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड योजना को ''असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमानी'' करार देते हुए 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया था कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपे। न्यायालय ने आयोग को संबंधित विवरण 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने समय सीमा बढ़ाने की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका 11 मार्च को खारिज कर दी तथा बैंक को 12 मार्च के व्यावसायिक घंटों के अंत तक आयोग के समक्ष बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया था। आरटीआई कार्यकर्ता कमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश बत्रा ने 13 मार्च को एसबीआई से संपर्क कर डिजिटल फॉर्म में चुनावी बॉण्ड का वैसा ही पूरा डेटा मांगा, जैसा न्यायालय के आदेश के बाद निर्वाचन आयोग को प्रदान किया गया था। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दी गई छूट से संबंधित दो धाराओं का हवाला देते हुए जानकारी उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। ये धाराएं 8(1)(ई) और 8(1)(जे) हैं। पहली धारा न्यासीय क्षमता में रखे गए रिकॉर्ड से संबंधित है तो दूसरी व्यक्तिगत जानकारी उपलब्ध कराने को निषिद्ध करती है।

केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और एसबीआई के उप महाप्रबंधक की ओर से बुधवार को दिए गए जवाब में कहा गया है, आपके द्वारा मांगी गई जानकारी में खरीदारों और राजनीतिक दलों का विवरण शामिल है और इसलिए, इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह न्यासी क्षमता में रखा गया है, जिसके तहत आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(ई) और (जे) के तहत जानकारी देने से छूट दी गई है।

# सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर से निवेश को मिलेगी गतिः आरबीआई रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर के साथ कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ने से निवेश चक्र में सतत आधार पर पुनरुद्धार हो सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति रिपोर्ट- अप्रैल 2024 के अनुसार, कमजोर वैश्विक मांग की चुनौतियों के बीच मजबूत बुनियाद के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधियां 2023-24 की पहली छमाही में मजबूत रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां पूंजीगत वस्तुओं में निवेश और शुद्ध रूप से वैश्विक मांग के कम असर से वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को गति मिली, वहीं निजी खपत को शहरी मांग से समर्थन मिला। इसमें आपूर्ति पक्ष के बारे में कहा गया है कि विनिर्माण गतिविधियां और मजबूत हुईं। कच्चे माल की कम लागत और वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था में सुधार से क्षेत्र को लाभ हुआ।

साथ ही आवास की बढ़ती मांग और बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर के कारण निर्माण गतिविधियां मजबूत रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले समय में, निजी खपत को ग्रामीण मांग की बेहतर संभावनाओं और उपभोक्ता भरोसा बढ़ने से समर्थन मिलेगा। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का निरंतर जोर, निजी कॉरपोरेट निवेश में वृद्धि और व्यापार के स्तर पर उत्साह, सतत रूप से निवेश चक्र में पुनरुद्धार को बनाए रख सकता है। यह अर्थव्यवस्था में उत्पादकता और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अच्छा संकेत है। इसमें कहा गया है, अर्थव्यवस्था की मध्यम और दीर्घकालिक स्तर पर वृद्धि क्षमता बढ़ रही है।

इसका कारण भौतिक बुनियादी ढांचे में सुधार, विश्वस्तरीय डिजिटल और भुगतान प्रौद्योगिकी का विकास, कारोबार सुगमता, श्रमबल की बढ़ती भागीदारी और राजकोषीय खर्च की गुणवत्ता में सुधार जैसे संरचनात्मक कारक हैं।

सरकार ने 2024-25 में निजी निवेश बढ़ने के साथ चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान रखा है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय 37.5 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए किया गया था।

आरबीआई के सर्वेक्षण के अनुसार, उपभोक्ताओं के बीच भरोसा एक साल पहले ही नई ऊंचाई पर पहुंच गया।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि निवेश गतिविधियों की संभावनाएं बेहतर बनी हुई हैं। इसका कारण निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि, लगातार और मजबूत सरकारी पूंजीगत व्यय, बैंकों और कंपनियों के मजबूत बही-खाते, क्षमता का बढ़ता उपयोग तथा व्यावसायिक स्तर पर मजबूत आशावाद है।

# मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के बीच आरोपों के बौछार से भ्रमित हो रहे हैं मतदाता

## अन्नाद्रमुक प्रचार में है नदारद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** तमिलनाडु में आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है सभी राजनीतिक दल अपने पक्ष में बयार बहाने के ख्याल से चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं। जहां प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु में अपने पार्टी को उपस्थिति दर्ज करने के लिए रोड शो और रैली कर रहे हैं वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री इस बार मोदी को रथ रोकने के लिए दमखम से जुटे हुए हैं। भाजपा और द्रमुक की जुबानी जंग तेज हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु सरकार पर भ्रष्टाचार और ड्रग सिंडिकेट के आरोप लगा रही है। वहीं सनातन धर्म विरोध और परिवार का मुद्दा भी गरमा गया है। प्रधानमंत्री द्रमुक को पूरी से से घेरने की कोशिश कर रही है। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री पर जोरदार हमले कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनावी बांड को लेकर वे भाजपा पर हमलावर हैं। वह सभी चुनावी सभा में भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार पर हमला बोल रहे हैं वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के मुख्य चांसलर है और भाजपा भ्रष्टाचार के यूनिवर्सिटी है। जो पीएम केयर फंड और चुनावी बांड के नाम पर करोड़ों रुपए का चंदा लेकर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। स्टालिन का कहना है कि प्रधानमंत्री चाहे जितनी भी रैली या रोड शो कर ले राज्य के लोग उन्हें पसंद नहीं करेंगे। जबसे केन्द्र की सत्ता में भाजपा आई है राज्य का विकास रुक गया है। बेरोजगारी बढ़ गई है। भाईचारा समाप्त हो ग या है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। एकता और अखंडता की बात करने वाले मोदी स्वयं है लोगों को लड़ा रहे हैं। मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग हो रहा है तमिलनाडु के लोग उनके झांसे में नहीं आने वाले। भाजपा का तमिलनाडु में खाता भी नहीं खुलेगा। इन दोनों दलों की जुबानी लड़ाई के चलते अन्नाद्रमुक की चुप्पी सभी को आश्चर्य में डाल रही है।

राज्य में मतदाता अभी भी असमंजस में है। वह अपने रुख को अभी स्पष्ट नहीं कर रहा है। तमिलनाडु में मोदी और कमल के फूल की चर्चाएं चल पड़ी है। राज्य में जहां दो पत्ती और उगते सूर्य के बीच लड़ाई होती थी वहां मैदान में इस बार कमल भी दिखाई दे रहा है। अधिकांश सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। चुनाव के रैलियां और रोड शो में दलों के बीच आरोपों के बौछार से प्रतीत हो रहा है कि तमिलनाडु के अधिकांश सीटों पर भाजपा और द्रमुक के बीच ही चुनावी मुकाबला है। इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इंडि गठबंधन और एनडीए दोनों तेज धूप और उमस भरी गरमी में पसीने बहाते नजर आ रहे हैं।

# चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में अर्धसैनिक बलों की 190 कंपनियां तैनात कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु में अर्धसैनिक बलों की 190 कंपनियां तैनात की हैं। जबकि, चेन्नई में अर्धसैनिक कर्मियों की सात कंपनियां तैनात की गई हैं, पड़ोसी क्षेत्र अवाडी और तांबरम में तीन-तीन कंपनियां दी गई हैं। जबकि मदुरै में सात कंपनियां तैनात की गई हैं। कोयंबटूर शहर को छह, तिरुपुर को तीन; तिरुचि और सेलम चार-चार; और तिरुनेलवेली तीन दी गई हैं।

इन शहरों के अलावा, अर्धसैनिक बलों के जवानों की कंपनियों को निम्नलिखित जिलों में भी तैनात किया गया है - अरियालुर (दो); चेंगलपट्टू (तीन); कोयंबटूर (सात); कुड्डालोर (पांच); धर्मपुरी (चार); डिंडीगुल (चार); इरोड (चार); कल्लाकुरिची (तीन); कांचीपुरम (पांच); और करूर (तीन); कन्नियाकुमारी (छह); कृष्णागिरि (चार); मदुरै (चार); मयिलादुथुराई (दो); नागपट्टिनम (दो); नमक्कल (तीन); पेरम्बलुर (तीन); पुदुक्कोट्टई (तीन); रामनाथपुरम (चार); रानीपेट (तीन); सेलम (पांच); शिवगंगा (चार); तेनकासी (तीन); तंजावुर (छह); थेनी (छह); नीलगिरि (दो); थूथुकुडी (छह); तिरुचि (तीन); तिरुपत्तूर (चार); तिरुपुर (पांच); तिरुनेलवेली (पांच); तिरुवल्लुर (चार); तिरुवन्नामलाई (पांच); तिरुवरूर (तीन); वेल्लोर (पांच); विरुधुनगर (पांच); और विल्लुपुरम (पांच)। ये अर्धसैनिक बल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा की कमान संभालेंगे।



# राहुल गांधी का नाम लेने से झिझक रहे हैं कांग्रेस के नेता : येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर हमला बोला। बेंगलूरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में येडीयुरप्पा ने कहा, कांग्रेस भूल गई है कि देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस को वोट देना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है।येडीयुरप्पा ने कहा, ''राहुल गांधी का नेतृत्व कांग्रेस के लिए पूरी तरह विफल है। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता राहुल गांधी का नाम लेने से झिझक रहे हैं।''

येडीयुरप्पा ने कहा कि राहुल गांधी यह गलत आरोप लगा रहे हैं कि एचएएल बंद हो जाएगा जबकि एचएएल तो प्रगति कर रहा है। एचएएल को 84 हजार करोड़ रुपये के वर्क ऑर्डर मिले हैं और 50 हजार करोड़ रुपये के वर्क ऑर्डर पर बातचीत चल रही है। वर्ष 2023-24 में एचएएल ने 29 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। क्या राहुल गांधी अब अपनी गलतबयानी पर माफी मांगेंगे? क्या कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार माफी मांगेंगे ? उन्होंने कहा, कांग्रेस में भरोसेमंद नेतृत्व और उपलब्धियों का अभाव है। इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस केंद्र सरकार के अनुदान को लेकर सवाल उठाकर और विवाद खड़ा कर लोगों का ध्यान भटका रही है लेकिन इससे उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। येडीयुरप्पा ने कहा, हम पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस बिना किसी डेटा के दो करोड़ नौकरियों के सृजन पर सवाल उठा रही है। वर्ष 2014 में, भविष्य निधि खातों की संख्या 15.54 करोड़ थी और वर्ष 2022 में यह बढ़कर 22.5 करोड़ हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में सात करोड़ नई नौकरियां पैदा हुई हैं। येडीयुरप्पा ने कहा, राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया एक बयान दें कि सत्ता में आने के बाद उन्होंने 10 महीनों में कितनी नौकरियां पैदा की हैं? उन्होंने कहा कि कलबुर्गी-बीदर रेलवे लाइन मोदी सरकार के दौरान पूरी हुई। मल्लिकार्जुन खरगे ने खुद कहा था कि वह रेल मंत्री रहते हुए भी इसे पूरा नहीं कर सके। इस समय कर्नाटक की 95 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकृत है। पूर्व में रेलवे योजना में पीछे रहने वाला कर्नाटक अब अन्य राज्यों के बराबर तेजी से विकास कर रहा है। आज प्रदेश में 6 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 4 करोड़ लोगों को पिछले 4 वर्षों से गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन दिया जा रहा है। येडीयुरप्पा ने कहा कि राज्य के 54 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत हर साल 6,000 रुपये मिल रहे हैं। जब मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने इसमें 4,000 रुपये जोड़े थे। कांग्रेस सरकार ने इसे रोक दिया और इससे पता चलता है कि सरकार दिवालिया हो गई है।'' इस मौके पर चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा प्रदेश महासचिव वी. सुनील कुमार, पूर्व राज्य मंत्री बैरती बसवराज, राज्य मुख्य प्रवक्ता अश्वत्थनारायण उपस्थित थे।



## प्रज्ञानांनदा और विदित जीते, गुकेश ने ड्रा के बाद संयुक्त बढ़त कायम रखी

**चेन्नई/टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने भारतीय पुरुष टीम के लिए छठे दौर में ड्रा से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा। प्रज्ञानांनदा ने अजरबेजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला। अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है। फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रा खेला। हालांकि महिला वर्ग में भारत को निराशा मिली क्योंकि आर वैशाली को रूस की कैटेरिना लाग्नो से हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानांनदा की बड़ी बहन वैशाली को अगर वापसी करनी है तो उन्हें काफी बेहतर खेल दिखाना होगा। कोनेरू हम्पी को भी हार झेलनी पड़ी, उन्हें चीन की टिंग्जी लेई ने मात दी जबकि बुल्गारिया की नुरग्युल सालिमोवा को रूस की एलेक्सांड्रा गोरयाचिकिना से हार मिली।

प्रज्ञानांनदा और कारूआना 3.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुजरात और नाकामुरा तीन तीन अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। अलीरेजा और निजात अबासोव साल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के मध्य चरण में 1.5 अंक लेकर जूझ रहे हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी टान ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक पर जीत हासिल की। उनके छह मैच में 4.5 अंक हैं और उनसे आधा अंक पीछे गोरयाचिकिना दूसरे स्थान पर हैं। कैटरीना लाग्नो 3.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं और लेई से आधा अंक आगे हैं। वैशाली और सालिमोा दोनों के 2.5 अंक हैं जबकि हम्पी और मुजिचुक दो दो अंक लेकर तालिका में निचले स्थान पर हैं।

## समर्थन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



गुरुवार को तिरुपुर के संसदीय सीट के पेरूंदुरई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एपी मुरुगानंदम के समर्थन में गुन्नाथुर में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करती हुई भाजपा की विधायक एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वनाती श्रीनिवासन। उन्होंने मोदी की गारंटी को गिनाते हुए भाजपा का समर्थन करने की बात कही।

# शाह और राहुल करेंगे तमिलनाडु का दौरा आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी क्रमश: राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) नीत मोर्चा के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए तमिलनाडु का दौरा करेंगे। अमित शाह शुक्रवार और शनिवार को रोड शो करेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, वहीं राहुल शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री कल दोपहर मदुरै पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा शिवगंगा जाएंगे और लगभग एक घंटे तक रोड शो करेंगे और राजग उम्मीदवार इंधिया मक्कल कालवी मुनेत्र कषगम (आईएमकेएमके) के देवनाथन यादव के लिए वोट मांगेंगे।

इसके बाद शाह मदुरै लौटेंगे और भाजपा उम्मीदवार रामा श्रीनिवासन के समर्थन में एक रोड शो करेंगे एवं बाद में वह प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा करेंगे। शाह शनिवार को भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन के पक्ष में कन्नियाकुमारी निर्वाचन क्षेत्र के थुकले में एक रोड शो करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री का तिरुवरूर जाने का भी कार्यक्रम है जहां वह एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे और भाजपा उम्मीदवार एसजीएम रमेश के लिए वोट जुटाएंगे और फिर तेनकासी जाएंगे, जहां वह राजग उम्मीदवार और तमिझागा मक्कल मुनेत्र कड़गम (टीएमएमके) नेता जॉन पांडियन के समर्थन में रोड शो करेंगे। वह तेनकासी से शाम को थूथुकुडी हवाई अड्डे जाएंगे और विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

इस बीच, राहुल गांधी द्रमुक के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव फ्रंट के समर्थन में प्रचार करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। द्रमुक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी इंडिया समूह का भी हिस्सा है।

कांग्रेस नेता शुक्रवार को तिरुनेलवेली सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार सी.रॉबर्ट ब्रूस के समर्थन में पलायमकोट्टई में एक चुनाव अभियान बैठक को संबोधित करेंगे। तमिलनाडु और पुडुचेरी की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए एक चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।



# मोदी का मैसूरु दौरा 14 को : विजयेंद्र येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और विधायक विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मैसूरु चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगे। गुरुवार को मैसूर में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि 14 तारीख को शाम 4 बजे मैसूरु के महाराजा मैदान में मैसूरु-कोडागु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, मंड्या, चामराजनगर निर्वाचन क्षेत्र को कवर करने वाली एक बड़ी चुनाव अभियान बैठक आयोजित की गई है।



उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्व लोकप्रिय नेता मोदी सांस्कृतिक शहर मैसूरु में आ रहे हैं और इस हिस्से के लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी ताकत लाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और मंड्या से एनडीए उम्मीदवार एचडी कुमारस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री येडीयुरप्पा, बीजेपी-जेडीएस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। तीन विधानसभा क्षेत्रों में पहले से ही एनडीए समर्थक लहर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से जीत का अंतर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बड़े अंतर से जीत हमारी होगी। उन्होंने कहा, ''बीजेपी-जेडीएस पार्टियों के लाखों कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।'' केपीसीसी महासचिव गुरुपदस्वामी ने मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उनका समर्थन किया और बिना किसी शर्त के भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इससे पार्टी को बड़ी मजबूती मिली है। विजयेन्द्र ने कहा कि कांग्रेस नेता हताश हैं। बेंगलूरु ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों ने बीजेपी कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया है। कांग्रेस पार्टी के सदस्य जो चुनाव में 18-20 सीटें जीतने के भ्रम में थे, वे अब प्रबुद्ध हो गए हैं और वास्तविक स्थिति को समझ रहे हैं।

बीजेपी-जेडीएस कार्यकर्ता हमारे उम्मीदवारों को जिताने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में हम हमले जैसी घटनाओं से डरेंगे नहीं। इस मौके पर शहरी जिला अध्यक्ष नागेंद्र, ग्रामीण जिला अध्यक्ष एल. आर. महादेवस्वामी, विधायक श्रीवत्स आदि उपस्थित थे।

# इस चुनाव में कांग्रेस देश में 40 सीटें नहीं जीत पाएगी : बसवराज बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गुरुवार को हावेरी जिले के रोन विधानसभा क्षेत्र के हिरेहला गांव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं हावेरी-गदग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी बसवराज बोम्मई ने चुनाव प्रचार किया। इस मौके पर बोम्मई ने कहा कि शहर में बारिश होना अच्छा संकेत है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कलाकप्पा बंदी सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

गदग। पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी गदग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने कहा है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए देश भर में 40 सीटें जीतना मुश्किल होगा। उन्होंने आज रोना विधानसभा क्षेत्र के हिरेहला, शांतागेरी, मुशीगेरी और इटागी गांवों में प्रचार किया और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत बदल रहा है। यह दूसरे देशों को टक्कर देकर आगे बढ़ रहा है। सिर्फ सड़क और पानी उपलब्ध कराना नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी हर किसी को दी गई है जैसे मीडिया और मोबाइल के माध्यम से दुनिया की सारी जानकारी हर किसी के हाथ में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। लेकिन गरीबी देश में जस की तस रही। लेकिन पिछले दस साल में मोदी ने 15 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर पहुंचाया है। राज्य में 36 लाख लोगों को मुद्रा योजना के तहत लोन मिला है। 58 लाख किसानों को किसान सम्मान मिला है और 12 लाख को गैस से जोड़ा गया है। ये सब ग्रामीण जनता तक पहुंचाने का काम मोदी ने किया है। मोदी चावल दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सर्वे के मुताबिक इस चुनाव में कांग्रेस के लिए 40 सीटें जीतना मुश्किल है। सर्वे के मुताबिक बीजेपी 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी। सर्वे में कहा गया है कि कांग्रेस सिर्फ 40 सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि इंडि गठबंधन की 26 पार्टियों में से कोई भी ऐसा नहीं है जो प्रधानमंत्री बनने लायक हो।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताया। लेकिन, सिद्दराममैया ने कहा राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के योग्य बताया। राहुल गांधी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। जो व्यक्ति दिए गए घोड़े की सवारी नहीं करता वह न तो नायक है और न ही बहादुर। वो हैं राहुल गांधी। उन्होंने कहा कि मोदी जैसा कोई नेता नहीं। किसी चुनौती को स्वीकार कर उसे जीत में बदलने की हिम्मत सिर्फ नरेंद्र मोदी में है। जनता के नेता हैं मोदी।

### रवीना लमानी को दी बधाई

वहीं बोम्मई ने ट्वीट किया कि दूसरी पीयूसी परीक्षा में गदग जिले के हमारे गौरव लक्ष्मेश्वर के आदरहल्ली गांव की रवीना लमानी ने कला वर्ग में 600 में से 595 अंक प्राप्त कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस बारे में ट्वीट किया है, यह गर्व की बात है कि रवीना ने ग्रामीण इलाके में जन्म लेने और गरीबी में रहने के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की है। रवीना के माता-पिता सोमन्ना लमानी और रवीना को हार्दिक बधाई। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं कि भविष्य में आपके माता-पिता, गृहनगर और समाज के लिए एक रोल मॉडल बनने के आपके सपने सच हों।





# कितनी ही धमकी दे दो, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही होगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

करौली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने एवं उसके परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में डूबने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चाहे मोदी को कितनी ही घमकी दे दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी हैं। मोदी ने गुरुवार को करौली में भाजपा प्रत्याशी इंदु जाटव के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जो हमारा घोर विरोध करते है, परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस जनता की मजबूरियों में भी मुनाफा ढूंढ रही है। मोदी ने कहा कि पूरे देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, इसलिए इंडिया गठंबधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। देश में एक तरफ मोदी कह रहे है कि भ्रष्टाचार बचाओं, दूसरी तरफ ये लोग कहते है कि भ्रष्टाचारी बचाओं और ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने निकले है मगर चाहे मोदी को कितनी ही धमकी दे दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गांरटी है।

उन्होंने कहा आज गरीब का बेटा प्रधान सेवक हैं तो गरीब को परेशानी से मुक्ति मिली है और मेरा हर पल देश के नाम हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ईआरसीपी योजना को सौ दिन कार्यकाल में पास करवा दिया गया इसका लाभ भी प्रदेश के कई जिलों में होगा। उन्होंने कहा कि पानी के मुद्दे पर 30-40 सालों से राज्यों के बीच लड़ाई चल रही है जिससे पानी की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता लेकिन राजस्थान की ईआरसीपी का काम हरियाणा में भी भाजपा सरकार और दिल्ली में भी भाजपा की सरकार होने से संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने राजस्थान को जो पानी देना चाहिए था वह केनाल बनते ही दिया गया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पानी की मुसीबत से गुजर रहा है इससे वह अच्छी तरह समझ रहे हैं लेकिन कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का पाप किया है जबकि भाजपा सरकार ने सेवा एवं जिम्मेदारी का काम किया है और आने वाले समय में देश में घर घर पानी पहुंचाया जायेगा, यह मोदी की गारंटी है और आपके सपने ही मेरा संकल्प हैं।

उन्होंने कहा आप सब जानते हैं कि मोदी आराम एवं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करता है क्योंकि मोदी के लक्ष्य बड़े हैं जो देश से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो युवाओं के नौकरी में भी लूट के मौके तलाशती हैं और राजस्थान में पेपरलीक इंडस्ट्री खड़ी हो गई है। मोदी ने गारंटी दी थी कि प्रदेश में भाजपा सरकार आयेगी तो पेपरलीक मामले के आरोपी जेल जायेंगे और आज मोदी की गारंटी पूरी हुई है।

मोदी ने कहा कि 60 साल सत्ता के कांग्रेस के पापों की लिस्ट लंबी हैं। उन्होंने राजस्थान की धरती से कांग्रेस का एक महापाप बताते हुए कहा कि यह महापाप राजस्थान के सम्मान एवं पहचान के साथ खिलवाड़ का हैं जिसमें वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का गंदा खेल खेला गया हैं। तुष्टिकरण एवं भ्रष्टाचार के लिए मंदिरों को गिरा कर उनकी जमीन कब्जा की गई हैं। अयोध्या में राममंदिर के लिए कांग्रेस ने कैसी भाषा का इस्तेमला किया है और कांग्रेस सनातन को नष्ट करने की बात करती है ऐसे पाप को माफ नहीं किया जा सकता हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर कहते है भारत कोई राष्ट्र नहीं हैं। कांग्रेस के लोग सेना की सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं और टुकड़े टुकड़े गैंग के पीछे सबसे पहले कांग्रेस खड़ी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुले देश की एकता के सामने सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं और जब मैं राजस्थान में कश्मीर की बात करता हूं तो वह कहते हैं कश्मीर में अनुच्छेद 370 का राजस्थान से क्या वास्ता हैं।

उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस को बताना चाहते हैं कि राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता हैं, यह जानना है तो यहां के वीर जवानों के घर जाकर पूछों उनके गांव की मिट्टी बतायेगी कि क्या वास्ता हैं, वीर जवानों ने बलिदान दिया हैं, इस मिट्टी की समाधियां बतायेगी कि राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच संकुचित हो गई हैं। उन्होंने भारत के एक द्वीप को श्रीलंका को दे देने का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे देश विरोधी कुकृत्य को ये लोग जायज ठहरा रहे हैं और कह रह रहे है उसमें कोई रहता नहीं हैं, यह इनकी मानसिकता हैं। इनके इरादे ही खतरनाक हैं।

प्रधानमंत्री अपना भाषण राम राम सा से शुरु किया और कहा कि करौली बता रहा है कि चार जून 400 पार। इसके बाद कहा कि पूरा राजस्थान कह रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव को भारत के संकल्पो को नई ऊर्जा देने वाला बताते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिये और वह वर्षों तक गरीबी हटाओ का नारा देती रही है लेकिन मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया हैं। कांग्रेस ने किसानों को अपने हाल पर छोड दिया लेकिन भाजपा सरकार में करोड़ों किसानों को पीएम सम्मान निधि राशि मिल रही है। करौली में भी किसानों को यह राशि भेजी गई हैं। पहली बार इसी सरकार ने पशु धन की भी इतनी चिंता की है और करौली में 80 हजार से अधिक किसानों के डेढ़ लाख से ज्यादा पशुओं के टीके लगवाये हैं। मोदी सरकार द्वारा देश में पशुओं का टीककारण भी हजारों करोड़ रुपए खर्च कर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान को मोटा अनाज बाजारा जवार आदि (अन्न) की पैदावर में सबसे आगे बताते हुए कहा कि पहले यहां मोटा अनाज के किसानों को कोई पूछता नहीं था। अब केन्द्र सरकार ने मिशन चलाया है और दूनिया को समझाया है मोटा अनाज है वह सूपर फूड है, उसका नाम अन्न नाम से जाना जाने लगा है और पूरी दुनियां इसकी मांग रही है। उन्होंने कहा कि वह अमरीका दौरे पर गये तो अमरीका के राष्ट्रपति ने उनके सम्मान में दिए भोज में हमारा मोटा अनाज था जो खुशी की बात हैं। उन्होंने कहा कि अन्न दुनियां में नई जगह बना रहा है इसलिए इससे राजस्थान के किसानों का बहुत बड़ा लाभ होने वाला है।

# मीडिया के लिए सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी की शादी : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अनुपगढ़। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेता राहुल गाँधी की राजस्थान के रण में एंट्री हो गयी है। राहुल गाँधी ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बीकानेर के अनूपगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है,दूसरे नंबर पर महंगाई। आप हिंदुस्तान की जनता से पूछें तो वो आपको बताएंगे, पहले नंबर पर बेरोजगारी, दूसरे नंबर पर महंगाई मुद्दा है। लेकिन अगर आप हिंदुस्तान की मीडिया से पूछेंगे तो आपको लगेगा कि सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी जी की शादी है। 24 घंटे आपको मीडिया में पीएम मोदी का चेहरा दिखेगा। ये जो मीडिया है इसका काम जनता की आवाज उठाने का है लेकिन ये कभी जनता के मुद्दों के बारे में नहीं बोलते। इनकी गलती नहीं है। ये बोलना भी चाहें तो इनके मालिक इन्हें बोलने नहीं देंगे।

# जयपुर, चूरू, अलवर और करौली में हल्की बारिश

जयपुर। राजस्थान के जयपुर, चूरू, अलवर और करौली जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों की तुलना में अजमेर, कोटा, जयपुर और उदयपुर संभागों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं जोधपुर, बीकानेर संभागों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

विभाग के प्रवक्ता ने जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर संभाग में बृहस्पतिवार दोपहर बाद बादल गरजने के साथ, 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने व कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। उन्होंने बताया कि आंधी बारिश की गतिविधियां 12 अप्रैल को भी कहीं-कहीं होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शनिवार को एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर प्रेरित परिसंचरण तंत्र बनने की प्रबल संभावनाएं हैं। विभाग के अनुसार, शनिवार और रविवार को बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में बादल गरजने, कहीं-कहीं तेज अंधड़ यानी 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## आशीर्वाद



जोधपुर में गुरुवार को भाजपा की वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक श्रीमती सूर्यकांता व्यास से आशीर्वाद लेते भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत।



# किस्मत के भरोसे नहीं रहे, मेहनत करे और अवसर का लाभ उठाएं : अनिल कपूर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । फिल्म अभिनेता अनिल कपूर ने कहा है कि किसी व्यक्ति को अपनी किस्मत के भरोसे नहीं रहना चाहिए, बल्कि अवसर आने पर उसका पूरा लाभ उठाना चाहिए । साथ ही इतनी मेहनत करनी चाहिए कि लोगों को आपसे ईर्ष्या हो जाए । फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए अनिल कपूर ने यह बात कही ।

अभिनेता अनिल कपूर ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में बाहर से ग्लैमर दिखता है, लेकिन अभिनेता या अभिनेत्री को फिल्म के लिए बहुत मेहनत करनी होती है और कम से कम 14 से 16 घंटे काम करना होता है । साथ ही किसी भी व्यक्ति को सफल होने के लिए धैर्य रखना चाहिए ।

अनिल कपूर ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही एक्टर बनने का सोचा था, फिर कक्षा सातवीं के दौरान उन्होंने पहला ऑडिशन दिया । इसके बाद पढ़ाई पूरी करने के बाद जानवरो की बस्ती नाम के एक नाटक में रोल किया । उन्होंने कहा कि शशि कपूर ने मेरा काम देखा था और मेरे बारे में राजकपूर को बताया । इसके बाद एक फिल्म हमारे-तुम्हारे फिल्म में मुझे काम मिला । लेकिन यह फिल्म पूरी नहीं हो सकी । इसके बाद दो-तीन साल के बाद वो सात दिन फिल्म से मुझे पहचान मिली । इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मैं जयपुर भी आया था । लेकिन जब मै सिनेमाघर गया तो, सिर्फ आगे की सीटें भरी थी, बाकी का हॉल खाली था । लेकिन जो भी लोग फिल्म देखने आए उन्हें फिल्म अच्छी लगी । इस फिल्म की माउथ पब्लिसिटी अच्छी हुई और यह फिल्म अच्छी चली । अभिनेता अनिल कपूर ने कहा कि सफल अभिनेता के स्ट्रगल और छोटे-छोटे किरदारों का लोगों को पता नहीं चलता है ।

## अपील



भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा गुरुवार को मकराना विधानसभा की ग्राम पंचायत सफेड़बड़ी, चाण्डी, लाडपुर, गैलासर में आयोजित चुनावी जनसंपर्क सभा को संबोधित कर मत व समर्थन की अपील करती हुई।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के प्रति भी सजग रहें : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र की भारतीय पद्धति इसलिए महत्वपूर्ण है कि इसमें संविधान निर्माताओं ने स्थायित्व की जगह जवाबदेही को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका की जवाबदेही से ही लोकतंत्र सुदृढ होता है।

उन्होंने लोकतंत्र के पर्व पर मनीषीगण की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता और शिक्षा जरूरी है। बुद्धिजीवी लोगों को संवैधानिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। उनकी विचारशीलता, विद्वत्ता, औमौलिक चिंतन से ही लोकतंत्र के मूल तत्वों को मजबूत करने में मदद मिलती है। राज्यपाल मिश्र गुरुवार को वाराणसी स्थित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित 'लोकतंत्र के पर्व पर मनीषीगण की भूमिका' विषयक संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान का लक्ष्य ही समाज का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा किभारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। यहां संसदीय व्यवस्था को इसीलिए अपनाया गया ताकि सरकार में प्रत्येक वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने पर जोर देते हुए बुद्धिजीवी वर्ग को इसमें अपना निरंतर योगदान देने का आह्वान किया।



# प्रधानमंत्री ने देश की राष्ट्रीय संस्कृति को किया मजबूत, कांग्रेस ने रामलला को बताया था काल्पनिक : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर-करौली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय संस्कृति को मजबूत किया है। उन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का काम किया है, जिससे दुनिया में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में 500 बरसों से टेन्ट में रह रहे श्री रामलला की 22 जनवरी को भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कर करोड़ों भारतीयों के सपने को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो रामलला को भी काल्पनिक बताया था और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण भी ठुकरा दिया था। शर्मा गुरुवार को लोकसभा चुनाव के रण में अलवर के कठूमर तथा करौली में जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटाला और आतंकवादी घटनाओं का आए दिन सामना करना पड़ता था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा इस पर ठोस कार्रवाई नहीं करते हुए केवल तुष्टिकरण की राजनीति की गई तथा भ्रष्टाचार को जन्म दिया गया। वर्ष 2014 के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की परिस्थितियां बदली और विकास की नई क्रांति देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ व केदारनाथ को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण जैसे विकास कार्य देश के सांस्कृतिक स्थलों को पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैक्सीन के माध्यम से ना केवल देश के लोगों को बचाया गया बल्कि 100 से अधिक देशों को वैक्सीन उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 को चांद की दक्षिण सतह पर पहुंचाने वाला भारत दुनिया का पहला देश बना। मोदी जी के प्रयासों से आधुनिक हथियारों के निर्माण में भी हम आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हैं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती थी जबकि कांग्रेस का गरीब से कोई सरोकार नहीं है।

कांग्रेस केवल जुमलेबाजी तथा झूठ और लूट का काम करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए उनके लिए निरंतर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्थान में कांग्रेस कि हास्याप्रद स्थिति के बारे में बताया कि वर्तमान में कांग्रेस के प्रत्याशी या तो चुनाव नहीं लड़ना चाहते, या नामांकन भरने के बाद उसे वापस ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि बांसवाड़ा सीट पर तो कांग्रेस अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार-प्रसार करेगी।

# पर्यटन, स्वास्थ्य, स्वच्छता में जयपुर को नंबर वन बनाना ही लक्ष्य : मंजू शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा है कि उनके लिए जयपुर का विकास महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण प्रमुख प्राथमिकता है। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, इसके लिए जयपुर को आईटी हब बनाना उनका पहला लक्ष्य रहेगा। भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने यह बात आज जयपुर लोकसभा क्षेत्र के मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे और जनसंपर्क के दौरान स्वागत कार्यक्रम और जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जयपुर को हर चीज पर्यटन, स्वास्थ्य, स्वच्छता की दृष्टि से नंबर वन बनाने की मेरी कोशिश रहेगी। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया है कि अब राज्य डबल इंजन की सरकार है, इसलिए लोगों को पक्के आवास व मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए केन्द्र व राज्य से अधिकाधिक बजट अलाट कराने साथ ही पूरी मॉनिटरिंग की जाएगी जिससे बजट की एक एक, पाई-पाई इसी काम पर खर्च हो।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने द्रव्यवती नदी के सौंदर्यीकरण के काम को बीच में रोक दिया गया था। उसे फिर से शुरू कराने की भी मेरी कोशिश रहेगी। किसी पर आरोप-प्रत्यारोप लगाना मेरा काम नहीं है। मेरा फोकस रहेगा कि मुझे आगे कैसे काम करना है। राज्य में डबल इंजन की सरकार है, ऐसे में यहां की सरकार तो काम करेगी ही और भी कोई जरूरत केन्द्र सरकार से होगी तो उसे पूरा कराने का मेरा प्रयास रहेगा। भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय



रीट से लेकर एसआई भर्ती परीक्षा सहित कुल 19 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए और लाखों युवाओं के सपनों पर पानी फिर गया। गहलोत सरकार में पेपर लीक की इतनाी घटनाएं होने के बावजूद पेपर माफिया के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदेश में भाजपा की भजनलाल सरकार बनने के बाद लगातार पेपर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी है, अभी तक 64 लोगों की गिरफ्तारी की गई है और इतिहास में पहली बार ऐसी कार्रवाई हुई है जब ट्रेनिंग करने वाले 29 सब-इंस्पेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान में भाजपा सरकार आने के बाद 11 भर्ती परीक्षाएं हुई जो कि पूरी तरह पारदर्शी ढंग से हुई। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरों टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री और ङ्मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश का हर वर्ग साथ है। युवा, महिला, गरीब और किसान सभी वर्गों का पीएम मोदी की नीतियों पर विश्वास है।

प्रदेश की जनता ने ठान लिया है कि राजस्थान में तीसरी बार सभी 25 सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर हैट्रिक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्वविहीन हो चुकी है। आज समाज के हर वर्ग को यह नजर आने लगा है कि कांग्रेस डूबती हुई नाव है, इसलिए सभी नेता कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कांग्रेस देश को तोड़ने का काम कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम का ध्येय लेकर चल रही है।

# झारखंड में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाए गए सरहुल और ईद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड का सबसे बड़ा आदिवासी त्योहार 'सरहुल' और मुस्लिम समुदाय का पर्व 'ईद-उल-फित्र' बृहस्पतिवार को पूरे राज्य में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरहुल और ईद के मौके पर राज्य के नागरिकों को बधाई दी।

सरहुल के अवसर पर बड़ी संख्या में पारंपरिक पोशाक पहने पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उमड़ पड़े और उन्होंने राज्य के विभिन्न हिस्सों में पारंपरिक अनुष्ठान करने तथा आदिवासियों के विभिन्न पूजा स्थलों, सरना धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना करने के बाद जुलूस निकाले। मुख्यमंत्री, राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने राजधानी रांची में अलग-अलग स्थानों पर सरहुल उत्सव के अनुष्ठानों में भाग लिया।

रांची में आदिवासी छात्रावास परिसर में एक सरना स्थल पर प्रार्थना करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, सरहुल आदिवासियों के लिए एक पवित्र त्योहार है। आज ईद भी मनाई जा रही है और नवरात्रि का त्योहार भी चल रहा है। मैं इन सभी समुदायों के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देना चाहता हूं। सोरेन ने सिराम टोली और कराम टोली का भी दौरा किया और साल के पेड़ के समक्ष प्रार्थना की। राज्यपाल



राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री मुंडा ने रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग द्वारा आयोजित सरहुल उत्सव में भाग लिया था। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा, सरहुल वसंत ऋतु की शुरुआत के प्रतीक के रूप में पूरे राज्य में मनाया जाता है। सरहुल का अर्थ है पेड़ों और प्रकृति की पूजा करना। पेड़ों, जानवरों और जंगलों की पूजा करना हमारे खून में नहीं बल्कि हमारे जींस में है जो कभी खत्म नहीं होगा। यह हमारी संस्कृति और हमारे जीने के तरीके की महानता है। उन्होंने कहा कि झारखंड का प्रत्येक नागरिक जन्म से पर्यावरणविद् है और उन्हें प्रकृति के प्रति अगाध स्नेह है।

मुंडा ने कहा, सरहुल पर्व के माध्यम से आदिवासी यह स्वीकार करते हैं कि प्रकृति के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। आदिवासी कभी भी प्रकृति को छोड़ना नहीं चाहते। इसलिए, उन्होंने इसे अपनी जीवनशैली, परंपरा और रीति-रिवाजों में शामिल कर लिया है। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भी सरहुल के मौके पर झारखंड के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, तानाशाह ताकतों की साजिश की वजह से आज हेमंत जी जेल में हैं। लेकिन क्या किसी आदिवासी को कभी प्रकृति के प्रति प्रेम से दूर किया जा सकता है? कभी नहीं। प्रकृति सर्वोपरि है। सोरेन के दो बेटों ने भी आदिवासी छात्रावास परिसर में सरहुल के अनुष्ठानों में भाग लिया। यह 3 दिवसीय उत्सव चैत्र महीने के तीसरे दिन प्रारंभ होता है। महिलाओं और पुरुषों को आदिवासी गीतों पर नृत्य करते तो बच्चों को विभिन्न संदेश लिखी पट्टिकाएं लेकर जुलूस निकालते देखा जा सकता है। एक पट्टिका पर लिखा था, पेड़-पौधे मत करो नष्ट, वरना सांस लेने में होगा कष्ट''। राज्य में कड़ी सुरक्षा के बीच ईद का त्योहार भी पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी रांची में हरमू ईदगाह, अपर बाजार जामा मस्जिद, दोरोंदा ईदगाह, कदरू ईदगाह और इकरा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की।



## दिल्ली में मनाई गई ईद, जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने अदा की नमाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में मुस्लिम समाज के लोगों ने बृहस्पतिवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की। ईद-उल-फितर पर्व रमज़ान महीना संपन्न होने पर मनाया जाता है।

दिल्ली की 17वीं सदी की जामा मस्जिद में सुबह की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। चांदनी चौक, मीना बाजार और दरीबा कलां सहित जामा मस्जिद के आसपास के बाजारों में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने त्योहार के लिए जमकर खरीदारी की। जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद स्थानीय निवासी मोहम्मद गुफरान अफरीदी ने कहा, इस्लाम का संदेश है कि सभी धर्मों के लोगों को प्रेम और स्नेह के साथ रहना चाहिए। यही 'गंगा-जमुनी तहजीब' है। इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। केरल और लद्दाख में बुधवार को ईद मनाई गई, जबकि देश के बाकी हिस्सों में यह 11 अप्रैल को मनाई जा रही है।



## हम सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे : ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी।

मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां 'रेड रोड' में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान 'दंगा कराने' की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों से 'साजिश का शिकार नहीं होने' का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है। बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती। मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती। मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा। बनर्जी ने कहा, जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता। मैं उनका मुकाबला करती रहूंगी....। उन्होंने कहा, ..कुछ लोग धर्म के नाम पर दंगा फैलाने की कोशिश करेंगे। आप शांति बनाए रखिएगा हम उन्हें दंगा फैलाने में कामयाब नहीं होने देंगे।

## ईद को लेकर भाजपा ने ममता पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया, तृणमूल का पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर ईद के मौके पर वोट बैंक की राजनीति करने तथा समाज के ध्रुवीकरण की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाजपा के राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने कहा कि लोग सभी समुदायों के आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री की योजना सुनना चाहते थे, लेकिन इसके उलट उन्होंने लोगों के बीच विभाजन के बीज बोने का प्रयास किया।

भट्टाचार्य ने आरोप लगाया, रेड रोड पर सभा में मुस्लिम भाइयों के बीच सौहार्द, भाईचारे का संदेश फैलाने के बजाय, मुख्यमंत्री ने अपनी संकीर्ण वोट बैंक की राजनीति के लिए विभाजन और ध्रुवीकरण के बीज बोने की कोशिश की। ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां एक



सभा को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान दंगा कराने की कोशिश करेंगे और कार्यक्रम में भाग लेने वालों से साजिश का शिकार न होने का आग्रह किया। बनर्जी ने कहा, हम नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को स्वीकार नहीं करेंगे। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री को पश्चिम बंगाल को विकसित करने के लिए एक रोडमैप तैयार करना चाहिए, जो सभी समुदायों के लिए हो और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करे।

## अलीगढ़: ईदगाह में प्रदर्शनकारियों ने 'फलस्तीन मुक्त करो' के नारे वाला बैनर लगाया, पुलिस से झड़प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** अलीगढ़ के दिल्ली गेट थाना इलाके में बृहस्पतिवार को ईद के मौके पर ईदगाह में प्रदर्शनकारियों ने 'फलस्तीन मुक्त करो' के नारे वाला एक बैनर लगाया जिसे लेकर कुछ युवकों और पुलिस के बीच मामूली नोकझोंक हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह विवाद तब शुरू हुआ जब आज सुबह ईदगाह में ईद की नमाज में शामिल होने वाले कुछ नमाजियों ने 'फलस्तीन मुक्त' नारे वाला एक बैनर लगा दिया। उन्होंने बताया कि वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने इस पर आपत्ति जताई जिसके चलते प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई, लेकिन मामला कुछ ही देर में शांत हो गया।

शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय पांडेय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि तीन-चार युवाओं ने 'मुक्त फलस्तीन'' का आह्वान करते हुए एक बैनर लगाया था और अपने अभियान के लिए धन एकत्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली गेट पुलिस मामले की जांच कर रही है और सबूतों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी से इस घटना की वीडियो फुटेज हासिल कर ली है और मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि इस शहर में ईद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया और कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े एहतियाती कदमों के बीच ईदगाह परिसर में सामूहिक नमाज अदा की गई।

## प्रधानमंत्री ने गेमिंग उद्योग को लेकर देश के शीर्ष 'गेमर्स' से किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'गेमिंग' उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भारत के कुछ शीर्ष 'गेमर्स' के साथ बातचीत की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मालवीय ने 'एक्स' पर खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत का एक छोटा वीडियो साझा करते हुए कहा कि उन्होंने गेमिंग उद्योग में हो रहे नए क्रियाकलापों और कैसे मोदी सरकार ने भारत में गेमिंग उद्योग को बढ़ावा देने वाले गेमर्स की रचनात्मकता को मान्यता दी है पर चर्चा की। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने गेमिंग उद्योग में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी बातचीत की। मालवीय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'गेमिंग इंटरेक्शन' किया और इसमें तीर्थ मेहता, पायल धारे, अनिमेष अग्रवाल, अंशु बिष्ट, नमन माथुर, मिथिलेश पाटनकर, गणेश गंगाधर जैसे शीर्ष भारतीय गेमर्स के साथ पीसी और वीआर गेम्स खेले।

भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने गेमिंग उद्योग में नए क्रियाकलापों और कैसे मोदी सरकार ने भारत में गेमिंग उद्योग को बढ़ावा देने वाले गेमर्स की रचनात्मकता को कैसे मान्यता दी है, इस पर भी चर्चा की। गेमिंग उद्योग में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी उन्होंने चर्चा की। मालवीय ने कहा, पूरी बातचीत जल्द ही सामने आएगी।

## 'झारखंड में 12 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया'

**रांची/भाषा।** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में 12 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। माओवादी सारंडा और कोल्हन के जंगलों में सक्रिय थे जो एशिया का सबसे घना साल वन क्षेत्र है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 12 माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे सारंडा और कोल्हान क्षेत्रों में सक्रिय थे और माओवादी मिसिर बेसरा के समूह से संबंधित थे, जिसके सिर पर एक करोड़ रुपए का इनाम है।

पश्चिमी सिंहभूम को देश के सबसे ज्यादा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में से एक माना जाता है। पिछले साल यहां 46 माओवादी घटनाएं हुईं, जिनमें 22 मौतें हुईं। झारखंड की सिंहभूम लोकसभा सीट के माओवादी गढ़ के कई अंदरूनी इलाकों में 13 मई को पहली बार या दशकों के लंबे अंतराल के बाद मतदान होगा।

## नाबालिग किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बलिया (उप्र)/भाषा।** बलिया जिले के दुबहर थाना क्षेत्र में पड़ोस के एक युवक द्वारा 14 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से अगवा करने और उससे बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) देव रंजन वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी अजय तुरहा को बृहस्पतिवार दोपहर में बलिया के कदम चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, दुबहर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक 14 वर्षीया किशोरी को उसी के गांव का अजय तुरहा एक अप्रैल को बहला फुसलाकर कथित तौर पर भगा ले गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर अजय तुरहा के विरुद्ध चार अप्रैल को भादसं की धारा 363 और 366 (अपहरण) के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन करते हुए अगवा किशोरी को बुधवार को महाराष्ट्र से मुक्त करा लिया गया। किशोरी ने पुलिस को बयान दिया है कि अजय उसे अगवा कर ले गया और बलात्कार किया।

## चीन पर पीएम की प्रतिक्रिया 'निष्प्रभावी और कमजोर' : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सीमा उल्लंघन को लेकर चीन को 'निष्प्रभावी और कमजोर' प्रतिक्रिया देने के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए मांग की कि वह अपने जून 2020 के उस बयान के लिए 140 करोड़ भारतीयों से माफी मांगें जिसमें उन्होंने दावा किया था कि न तो किसी ने भारत में प्रवेश किया और न ही किसी चौकी पर कब्ज़ा किया गया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यूजवीक पत्रिका को दिए गए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया बेहद कायरतापूर्ण है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारतीय संप्रभुता का चीन द्वारा बार-बार उल्लंघन किए जाने पर प्रधानमंत्री की एकमात्र टिप्पणी यह थी कि भारत-चीन सीमा



स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि द्विपक्षीय संवादों में ''असामान्यता'' को दूर किया जा सके। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री के पास चीन को एक शक्तिशाली संदेश भेजने का अवसर था। लेकिन उनकी निष्प्रभावी और कमजोर प्रतिक्रिया से भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा जताने के लिए चीन का हौसला और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, चीन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया न केवल अपमानजनक है बल्कि यह हमारे शहीदों का भी अपमान है जिन्होंने हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

रमेश ने कहा ''प्रधानमंत्री को 19 जून, 2020 को राष्ट्रीय टेलीविजन पर 'ना कोई घुसा है, ना ही कोई घुस आया है' बयान देकर 140 करोड़ भारतीयों को धोखा देने और चीन से लगती हमारी सीमाओं की रक्षा करने में अपनी विफलताओं के बारे में देश को अंधेरे में रखने के लिए माफी मांगनी चाहिए। न्यूज़वीक पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से राजनयिक और सैन्य स्तर पर, दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे।

न्यूयॉर्क स्थित पत्रिका ने कहा कि भारत का ''तेजी से आगे बढ़ता आर्थिक विकास और बढ़ती राजनयिक, वैज्ञानिक और सैन्य ताकत इसे अमेरिका और दुनिया के लिए लगातार बढ़ते महत्व वाली एक उभरती हुई महाशक्ति बनाता है।

## असम में 'चाय बागान घोटाले' में भाजपा नेताओं के रिश्तेदार शामिल: गौरव गोगोई



**जोरहट (असम)/भाषा।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय मंत्रियों के रिश्तेदारों समेत भाजपा से जुड़े हुए लोग राज्य में दिवालिया हो चुके चाय बागान खरीद रहे हैं और उन जमीनों पर कुछ और स्थापित करने के लिए उन्हें रातों-रात बेच रहे हैं। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गोगोई ने इसे ''चुनावी बॉण्ड से भी बड़ा घोटाला'' बताते हुए कहा कि चाय बागान मजदूरों का भविष्य अंधेरे में है और यह सिलसिला चलता रहा तो उनमें से हजारों लोगों के पास रोजगार का कोई अवसर नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री, उनके ओएसडी, उनके राजनीतिक सलाहकार और भाजपा के एक प्रवक्ता को इस संबंध में संदेश भेजकर आरोपों पर प्रतिक्रिया जाननी चाही लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जोरहट लोकसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार गोगोई ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, पिछले कुछ साल में कई चाय बागान बंद हो गए हैं और कई दिवालिया हो रहे हैं। कई चाय बागानों के मालिक बदल गए हैं। भाजपा के करीबी लोग और मुख्यमंत्री और कुछ केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपाई लोगों के रिश्तेदार असम के विभिन्न हिस्सों में चाय बागान खरीद रहे हैं।

# पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर भाला फेंक सकता हूं : नीरज चोपड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाए हैं और उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह किसी भी समय हो सकता है। चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाए हैं।

पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा। उम्मीद करता हूं कि यह पेरिस ओलंपिक



से पहले हो जाए। वैसे अभी हर चीज सही दिशा में आगे बढ़ रही है इसलिए लोगों को शायद ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़े और यह इससे पहले ही हो जाए। तैयारियां अच्छी चल रही हैं।

मौजूदा विश्व चैम्पियन के लिए सत्र से इतर अभ्यास अच्छा रहा है जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर ध्यान लगाया है। उन्होंने कहा, सत्र के शुरू में ध्यान फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर था, जिसमें भाला फेंकने की कोई विशेष ट्रेनिंग नहीं थी। मुझे लगता है कि इससे मेरी तकनीक में काफी सुधार हुआ। साथ ही दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में भी 'स्ट्रेंथ' एंव अनुकूलन ट्रेनिंग अच्छी रही। चोपड़ा ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जिससे उन्हें पेरिस ओलंपिक में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, यह मेरा दूसरा ओलंपिक है इसलिए इस बार मैं पेरिस के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हूं। जहां तक मानसिक ट्रेनिंग की बात है तो मैंने ज्यादा कुछ नहीं किया है, लेकिन मैं जानता हूं कि यह मेरा दूसरा ओलंपिक है। चोपड़ा ने कहा, टोक्यो से पहले मेरी जो कमियां थीं, मैंने उन पर पेरिस की तैयारियों के दौरान काम किया है। सबसे अच्छी बात है कि तैयारी सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं और मैं काफी सकारात्मक हूं। किशोर जेना ने हांगझोउ एशियाड में 87.54 मीटर के थ्रो से रजत पदक जीता था जिससे भारत इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहला और दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहा।

चोपड़ा ने कहा कि अगर यह 28 साल का एथलीट उनसे पहले 90 मीटर की दूरी पर भाला फेंक देगा तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। चोपड़ा ने कहा, उसने जिस तरह से विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में प्रगति की है, उसे देखते हुए किशोर मुझसे पहले भी 90 मीटर दूर भाला फेंक सकता है। 90 मीटर अटका हुआ है, लेकिन कभी ना कभी तो जाएगा।

### बिली जीन किंग कप

## भारत ने चीनी ताइपे को 2-1 से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रूतुजा भोसले ने एकल मैच जबकि प्रार्थना थोम्बरे और अंकिता रैना ने युगल मुकाबला जीता जिससे भारत ने गुरुवार को चीन के चांगशा में बिली जीन किंग कप एशिया ओसनिया ग्रुप-1 मुकाबले में चीनी ताइपे को 2-1 से हरा दिया।

भारत अभी पूल ए में दो जीत और एक हार से तीन मुकाबलों के बाद तीसरे स्थान पर बना हुआ है। चीन और दक्षिण कोरिया अपने सभी तीन मैच जीतकर क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

भोसले ने हाओ चिंग चान को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से मात दी जबकि रैना दूसरे एकल में एन शुओ लियांग से 6-2 4-6 4-6 से हार गई। निर्णायक युगल मुकाबले में थोम्बरे ने रैना के साथ मिलकर हाओ चिंग चान और एन शुओ लियांग की जोड़ी पर 4-6 6-1 (15-




13) से जीत दर्ज कर मुकाबला भारत के नाम कर दिया। बुधवार को चीन ने भारत को 3-0 से हरा दिया था। लेकिन टूर्नामेंट के लीग चरण में भारत ने पैसिफिक ओसनिया को 3-0 से मात दी थी। छह टीम के एशिया ओसनिया ग्रुप एक में शीर्ष दो टीम प्लेऑफ में खेलेंगी जबकि निचली दो टीम 2025 में ग्रुप दो में रेलीगेट हो जायेंगी। चीनी ताइपे और पैसिफिक ओसनिया पूल तालिका में निचले स्थान पर चल रही हैं क्योंकि वे अपने तीन में से कोई भी मैच जीत नहीं पायी हैं। भारत अब शनिवार को कोरिया से भिड़ेगा।

## सुविचार

**कुछ मिनट में जिंदगी नहीं बदलती, पर कुछ मिनट में सोच कर लिया हुआ फैसला, पूरी जिंदगी बदल देता है, इसलिए फैसलों को अहमियत दीजिये।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# देशहित सर्वोच्च

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा ईद के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए सीएए, यूसीसी और एनआरसी के बारे में की गईं टिप्पणियां वास्तविकता से परे हैं। उनमें तथ्यों का अभाव है और विरोध के पीछे स्पष्ट वजह भी नहीं बताई गई। अगर किसी नीति या कानून का विरोध किया जाए – भले ही वह अस्तित्व में हो या न हो – तो उसके पीछे कोई ठोस वजह बतानी चाहिए। खासकर वरिष्ठ नेताओं और उन लोगों को, जो केंद्र और राज्य सरकारों में बड़े-बड़े पदों पर रहे हैं। जब सीएए लाने की बातें हो रही थीं तो राष्ट्रीय राजधानी में अप्रिय घटनाएं हुईं, जिनमें कई लोगों ने प्राण गंवाए थे। जबकि यह स्पष्ट था कि सीएए में किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। यह तो नागरिकता देने का कानून है। जिसके पास पहले से भारत की नागरिकता है, उसका इससे कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी कई नेताओं ने अफवाहें फैलाईं, लोगों को भड़काया। इससे क्या हासिल हुआ? देश का ही नुकसान हुआ। अब सीएए लागू हो चुका है। क्या किसी की नागरिकता गई? नेतागण जब सार्वजनिक रूप से कोई टीका-टिप्पणी करें तो वोटबैंक की राजनीति से ऊपर उठकर उन्हें देशहित के बारे में भी सोचना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कहीं मेरे शब्दों से देश के सद्भाव पर तो कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, देशहित पर तो कोई आंच नहीं आएगी, लोगों तक ग़लत सूचना तो नहीं जाएगी? सीएए की ज़रूरत क्यों पड़ी? यह जानने के लिए नेतागण को कम से कम एक बार उन हिंदू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसियों से मिलना चाहिए, जिन्होंने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से अपनी जान बचाकर भारत में शरण ली है। उनकी दास्तां सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

जहां तक यूसीसी और एनआरसी का सवाल है तो अब तक केंद्र सरकार ने इनके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। जब ऐसा कोई कानून ही नहीं बना तो लागू करने के विरोध का सवाल कहां से आ गया? हां, इनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा जरूर होनी चाहिए। उत्तराखंड ने इस ओर (यूसीसी) कदम बढ़ाया है। उसके अनुभवों का अध्ययन करना चाहिए। वास्तव में यूसीसी सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में बड़ा कदम है। क्या हमें इसकी जरूरत नहीं है? इससे कानूनों का सरलीकरण हो जाएगा। परिणामस्वरूप विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने, भरण-पोषण आदि मामलों में महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे। क्या हमें इन सुधारों को नहीं अपनाना चाहिए? निस्संदेह ऐसे कानूनों का प्रभाव बहुत गहरा और व्यापक होता है, इसलिए देश-विदेश के अनुभवों का अध्ययन करने के बाद पूरी तैयारी के साथ ही इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे 'विरोध के लिए विरोध' करने के बजाय इसे बेहतर बनाने के लिए सुझाव दें और रचनात्मक भूमिका निभाएं। आज देश में घुसपैठ भी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। खासकर बांग्लादेश और म्यांमार से आकर काफी लोग अवैध रूप से देशभर में फैल चुके हैं। इनके कारण भविष्य में गंभीर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। आए दिन खबरें छपती हैं कि फलां शहर में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी पकड़े गए ... रोहिंग्या पाए गए! क्या हमें इस बात की इजाजत देनी चाहिए कि हमारे देश में कोई भी व्यक्ति बिना किसी नियम-कानून का पालन किए कभी भी और कहीं से भी दाखिल हो जाए और जहां तथा जब तक उसकी मर्जी हो, वह रहता रहे? इससे तो कानून व्यवस्था भंग हो जाएगी। हम अपने घरों में ऐसे किसी व्यक्ति को आने और रहने की इजाजत नहीं दे सकते, तो देश के मामले में किसी को इजाजत क्यों मिलनी चाहिए? देश में घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें स्वदेश रवाना करने को लेकर ठोस काम होना चाहिए। इसके लिए सभी दलों के बीच सहमति होनी जरूरी है। वोटबैंक नहीं, देशहित सर्वोच्च होना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



सच तो यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी मूल आरक्षण व्यवस्था का पूरी तरह संरक्षण कर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। सभी मतदाताओं से अपील है कि कांग्रेस के झूठ से बचें एवं विकसित भारत के लिए मोदी जी के साथ आएं।

**अर्जुनराम मेघवाल**



अनुसूचित जाति- जनजाति व ओबीसी वर्ग का अगर सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो वो कांग्रेस है। बाबा साहेब अंबेडकर का कोई सबसे बड़ा शत्रु था तो वह भी कांग्रेस थी। आरक्षण विरोधी कांग्रेस आज भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का भ्रम फैला रही है।

**-मदन दिलावर**



कांग्रेस ने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को न कभी अवसर दिया और न ही सम्मान दिया। भाजपा ने देश के 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जनधन खाते खुलवाए, 11 करोड़ परिवारों के लिए शौचालय बनवाए, 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# त्याग में ही सुख

भगवान बुद्ध के पास सम्राट श्रेणिक ने आकर पूछा कि हमारे राजकुमार, हर तरह की सुविधाओं में रहते हैं, फिर भी वे प्रसन्न नहीं रहते। वहीं आपके इन भिक्षुकों के चेहरे पर बिना सुविधा के भी हमेशा प्रसन्नता रहती है। इसका कारण क्या है? भगवान बुद्ध ने उत्तर दिया, 'प्रसन्नता खोजनी हो तो अकिंचन (जिसके पास कुछ भी न हो) में खोजो। जिसने संकल्प करके सब कुछ छोड़ दिया, वहीं प्रसन्न रह सकता है। भिखारी कभी प्रसन्न नहीं होगा, क्योंकि उसने छोड़ा नहीं है। वह तो अभाव में ही जीवन जी रहा है। अभाव का जीवन जीने वाला कभी प्रसन्न नहीं रह सकता। जिसने जानबूझ कर छोड़ा है, वह प्रसन्न रह सकता है। ये दो बातें हैं-एक छोड़ना और एक छूटना। जिसे पदार्थ प्राप्त नहीं है, वह त्यागी नहीं है। त्यागी वह होता है, जो अपने स्वतंत्र मन से त्याग कर दे। वहीं साधन, सुविधा-संपन्न व्यक्ति भी प्रसन्न नहीं रह सकता। उसे पैसे की सुरक्षा की चिंता सताती है। उसे खोने का, चोरी होने का डर तो सताता रहता है। अभय वही हो सकता है, जिसने स्वेच्छा से त्याग किया है। बिना किसी प्रकार के लोभ लालच के किया गया त्याग में ही सुख निहित है।

## सामयिक

# पूरी आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं!

**अशोक भाटिया**

**मोबाइल : 9221232130**



दिल्ली के कथित शराब घोटाले में अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बाद पूरी आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थम नहीं रही हैं। एक तरफ जहां शीर्ष नेतृत्व सलाखों के पीछे है तो वहीं अब उनके साथी भी हाथ छुड़ाने लगे हैं। सामने आया है कि, पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी से भी इस्तीफा देते हुए पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाए हैं। राजकुमार आनंद ने कहा कि, भ्रष्टाचार को लेकर पार्टी की जो नीति है, उससे वह सहमत नहीं है। इसके अलावा मंगलवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक पार्टियां भी मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 70 के दायरे में आती है। इससे अब कथित शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है।अदालत ने कहा कि कथित शराब घोटाले मामले में प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 70 भी लागू होती है। धारा 70 किसी कंपनी की ओर से किए गए अपराधों के लिए सजा का प्रावधान करती है। इतना ही नहीं, कोर्ट के आदेश से ये भी साफ होता है कि राजनीतिक पार्टियां धारा 70 के अंतर्गत आती हैं। माना जा रहा है कि अब ईडी इस मामले में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बना सकती है।इससे पहले पिछले हफ्ते ईडी ने हाईकोर्ट में कहा था कि आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की है, जो पीएमएलए की धारा 70 के तहत अपराध के दायरे में आता है।

हाईकोर्ट की इस टिप्पणी के बाद माना जा रहा है कि बाकी राजनीतिक पार्टियों की टेंशन भी बढ़ सकती है। वो इसलिए क्योंकि कई विपक्षी नेता ईडी की रडार पर हैं और उन पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है। इस कारण अब ईडी को अगर लगता है तो पीएमएलए की धारा 70 के तहत किसी भी राजनीतिक पार्टी को आरोपी बना सकती है।पीएमएलए की धारा 70 कंपनियों की ओर से की जाने वाली मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए लगाई जाती है। इसमें कहा गया है कि जब कोई कंपनी मनी लॉन्ड्रिंग करती है, तो हर एक व्यक्ति जो अपराध के समय उस कंपनी का प्रभारी या जिम्मेदार था, उसे भी दोषी माना जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, इस धारा में ये भी प्रावधान है कि किसी व्यक्ति पर मुकदमा तब नहीं चलाया जाएगा, जब वो ये साबित कर सके कि मनी लॉन्ड्रिंग उसकी जानकारी के बगैर हुई थी या उसने इसे रोकने की भरसक कोशिश की थी।इस धारा में एक अपवाद भी जोड़ा गया है। इसके मुताबिक, कंपनी एक अलग लीगल एंटीटी भी है, लिहाजा उसके कर्मचारियों या उसे चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ स्वतंत्र रूप से भी मुकदमा चलाया जा सकता है।दरअसल, ईडी ने आम आदमी पार्टी को 'कंपनी' माना है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने बताया था कि सबूतों से पता चलता है कि आम आदमी पार्टी ने रिश्वत के पैसों का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया था।उन्होंने कहा था कि इस मामले में आम आदमी पार्टी को फायदा हुआ और उसने अपराध किया। इस मामले में आम आदमी पार्टी 'व्यक्तियों का समूह' है। और पीएमएलए की धारा 70 दायरे में सिर्फ 'रजिस्टर्ड कंपनियां' ही नहीं बल्कि 'व्यक्तियों का समूह' भी आता है। एएसजी राजू ने दलील दी थी कि हो सकता है कि आप पूरी तरह से एक कंपनी न हों, लेकिन आप 'व्यक्तियों का संघ' हैं, इसलिए आम आदमी पार्टी एक कंपनी हुई।

हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि इस मामले में धारा 70 का गलत तरीके से इस्तेमाल करने की कोशिश की गई है। सिंघवी ने कहा था कि इस मामले में धारा 70 लागू नहीं हो सकती। आम आदमी पार्टी जनप्रितिनिधि कानून के तहत रजिस्टर्ड है। ऐसी स्थिति में एक अलग कानून जो राजनीतिक पार्टी को अलग तरह से मान्यता देता है, उसे पी एम एल ए में शामिल नहीं किया जा सकता। वहीं, इस पर ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा था कि जनप्रितिनिधि कानून की धारा 2(ष) के अनुसार, एक राजनीतिक पार्टी 'व्यक्तियों का समूह' है। इसलिए आम आदमी पार्टी को पीएमएलए की धारा 70 के तहत एक कंपनी माना जाएगा।

ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जो आपराधिक आय कमाई गई, उसका फायदा आम आदमी पार्टी को हुआ। आम आदमी पार्टी के गठन के पीछे न सिर्फ अरविंद केजरीवाल क दिमाग था, बल्कि पार्टी की सभी बड़ी गतिविधियों पर भी उनका नियंत्रण था। ईडी ने कोर्ट में बताया कि गवाहों के बयान के आधार पर पता चलता है कि केजरीवाल न सिर्फ इस पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं, बल्कि सभी नीतिगत निर्णयों में भी शामिल रहे हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध किया है, जो धारा 70 के अंतर्गत आता है। भले ही दिल्ली शराब नीति केस कारण बना हो। भले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद का हाई कोर्ट में गिरफ्तारी को चैलेंज करना उलटा पड़ा हो। भले ही आम आदमी पार्टी पी एम एल ए की धारा 70 के तहत जांच के दायरे में आने वाली पहली पार्टी हो – लेकिन ये मामला देश के सभी राजनीतिक दलों के लिए जोर जोर से खतरे की घंटी बजा रहा है, खासतौर से क्षेत्रीय दलों के लिए।करीब छह महीने पहले सुप्रीम कोर्ट में पहली बार ये मामला उठा था। अक्टूबर, 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया था कि दिल्ली शराब नीति केस में अगर आम आदमी पार्टी को फायदा हुआ है, तो उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया गया?

**ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जो आपराधिक आय कमाई गई, उसका फायदा आम आदमी पार्टी को हुआ। आम आदमी पार्टी के गठन के पीछे न सिर्फ अरविंद केजरीवाल क दिमाग था, बल्कि पार्टी की सभी बड़ी गतिविधियों पर भी उनका नियंत्रण था। ईडी ने कोर्ट में बताया कि गवाहों के बयान के आधार पर पता चलता है कि केजरीवाल न सिर्फ इस पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं, बल्कि सभी नीतिगत निर्णयों में भी शामिल रहे हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध किया है, जो धारा 70 के अंतर्गत आता है। भले ही दिल्ली शराब नीति केस कारण बना हो।**

अगर तकनीकी परिभाषा के चक्कर में न पड़ें तो कंपनियां कारोबार के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन राजनीतिक दलों का मकसद अलग होता है। एनजीओ जिन्हें गैर-सरकारी संगठन भी कहते हैं, उनका मकसद तो सेवा ही है, राजनीतिक दलों के नेता भी अपना पेशा समाजसेवा ही बताते रहे हैं, लेकिन अब तो लगता है, राजनीतिक दलों को भी कंपनी की तरह ही देखा जाने लगेगा। मानो वे 'प्रॉफिट मेकिंग' के लिए बनाए गए हों। दिल्ली शराब नीति केस में हाई कोर्ट के ताजा फैसले को ध्यान से देखें तो कुछ बातें साफ हो जाती हैं और सबसे खास बात है कि राजनीतिक दल और प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बहुत फर्क नहीं रह गया है।

दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को आम आदमी पार्टी से आगे बढ़ कर देखें तो सभी राजनीतिक दलों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। अब तो ऐसा लगता है कि कंपनियां भले ही इलेक्टोरल बॉन्ड लेने के योग्य न हों, लेकिन आगे चल कर राजनीतिक दलों के लिए भी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी तय की जा सकती है।

मतलब, ये भी है कि अभी तक इलेक्टोरल बॉन्ड पर जो बवाल हो रहा है, आगे चल कर उसका भी हिसाब किताब देना पड़ सकता है – और अगर उसमें पाया गया कि वो किसी पार्टी को रिश्वत के रूप में मिला है, तो इस बात की भी जांच हो सकती है कि कहीं चुनावों में उसका दुरुपयोग तो नहीं हुआ है – जैसे आम आदमी पार्टी के केस में गोवा चुनाव में मनी ट्रेल की बात की जा रही है।अगर लालू यादव को चारा घोटाले में मिली सजा को मिसाल के तौर पर लें, तो सजा वो अकेले भुगत रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल पर कोई असर नहीं हुआ है। सजा होने के बाद भी वो आरजेडी के अध्यक्ष बने रहे हैं – और भ्रष्टाचार को लेकर न तो आरजेडी पर कोई असर पड़ा है, न ही तेजस्वी यादव या परिवार के बाकी नेताओं पर – लेकिन क्या आगे भी ऐसा ही होगा?अब तो लगता है, आरजेडी की तरह कांग्रेस जैसी पार्टी के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं जो पहले से ही एजीएल से जुडे. मामलों को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रही है।

## नजरिया

# 'आप' के आदर्श शिक्षा मॉडल की स्थिति चिन्तनीय

**ललित गर्ग**

**मोबाइल : 9811051133**



देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री। कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पढ़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बढ़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है।

केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरु हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच शिक्षा सबसे पहले या 'एजूकेशन फ़र्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रूपये विज्ञापनों पर खर्च किये।

आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया।

नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है। साल 2014-15 में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 13.47 लाख थी जो 2020-21 में बढ़ कर 17.82 लाख हो गई। यानी 2014-15 से लेकर 2020-21 तक 6 साल के अंतराल में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में जहां 4 लाख 85 की वृद्धि हुई, वहीं सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में महज 78 हजार की वृद्धि हुई। आप की 2020 के विधानसभा चुनाव में फिर से लगातार जबरदस्त जीत में सरकारी विद्यालय प्रणाली में सुधार के झूठे एवं भ्रामक दावों का ज़बरदस्त हाथ है, लेकिन अब इसकी सच्चाई धीरे-धीरे परत-दर-परत खुलने लगी है। आजादी का अमृत काल में दिल्ली की सरकारी स्कूलों का गिरता शिक्षा स्तर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आप सरकार पर एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी नाकामी का द्योतक है। प्रश्न है कि किसे फिक्र है हमारी शिक्षा की? प्रश्न यह भी है कि झूठे प्रचार एवं दावों के बल पर आप सरकार कब तक दिल्ली की भोली-भाली जनता को गुमराह करती रहेगी? स्कूली शिक्षा में क्रांति' लाने के आप के दावे बच्चों के भविष्य से कब तक खिलवाड करते रहेंगे?

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भारत को लेकर बेहद उत्साहित है सिलिकॉन वैली : अनीता मनवानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। टीआईई की अध्यक्ष अनीता मनवानी ने कहा कि सिलिकॉन वैली भारत को लेकर बहुत उत्साहित है, जिसके नेतृत्व ने उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। 'द इंडस एंटरप्रेन्योर्स' (टीआईई) सिलिकॉन वैली अमेरिका में एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विभिन्न उद्योगों में उद्यमियों के लिए काम करता है। मनवानी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं और मुझे लगता है कि सिलिकॉन वैली भी बहुत उत्साहित है क्योंकि हमारे पास भारत के नेतृत्व में गिफ्ट सिटी जैसी पहल के साथ व्यवसाय खोलने के लिए उद्यमिता के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता है....ऐसी पहल जो निवेश करने का मौका देती है और जिससे धन वापस अमेरिका आ रहा है। मैं कहूंगी कि यह पहले की तुलना में थोड़ा आसान है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ये सभी पहल हैं जो वास्तव में भारत के साथ गलियारे में बढ़ती गतिविधि को तेज करेंगी। यह भारत का दशक है...हम सभी नेतृत्व का समर्थन करते हैं... मनवानी कैरोबार बिजनेस सॉल्यूशंस आरईएलआईएमएस की संस्थापक एवं मुख्य कार्यपाकल अधिकारी (सीईओ) भी हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी टीआईईकॉन उद्यमियों, कॉर्पोरेट जगत के लोगों और निवेशकों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिक सम्मेलन होगा। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न चुनौतियों तथा प्रौद्योगिक क्षेत्रों में इसके अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका आयोजन एक से तीन मई तक कैलिफोर्निया में सिलिकॉन वैली स्थित सांता क्लारा कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा।



**संबोधन**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश गुरुवार को गुवाहाटी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

## सूर्य ग्रहण के दौरान नासा के 'साउंडिंग रॉकेट' मिशन की अगुवाई भारतीय मूल के आरोह बड़जात्या ने की

मुंबई। पिछले दिनों पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान 'साउंडिंग रॉकेट' प्रक्षेपित करने वाले नासा के मिशन का नेतृत्व भारत में जन्मे आरोह बड़जात्या ने किया था, जो भारत के अनेक शहरों में पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका चले गये थे। आरोह के परिवार ने यह जानकारी दी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने 8 अप्रैल को उत्तरी अमेरिका में दिखाई देने वाले सूर्य ग्रहण के दौरान तीन 'साउंडिंग रॉकेट' छोड़े थे ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि जब पृथ्वी के एक हिस्से पर सूरज की रोशनी क्षण भर के लिए कम हो जाती है तो उसका ऊपरी वायुमंडल कैसे प्रभावित होता है।

### प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर चीन ने कहा

# 'मजबूत और स्थिर संबंध' साझा हितों की पूर्ति करते हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग। चीन ने बृहस्पतिवार को सीमा विवाद से जुड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'मजबूत और स्थिर संबंध' चीन और भारत के साझा हितों की पूर्ति करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि नई दिल्ली के लिए बीजिंग के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर 'लंबे समय से जारी हालात' का समाधान तत्काल करना चाहिए। अमेरिकी पत्रिका 'न्यूजवीक' को दिये गये एक साक्षात्कार में, जिसने भारत के उत्थान को 'अजेय' बताया, प्रधानमंत्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय जुड़ाव के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति बहाल करने और इसे बनाए रखने में सक्षम होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से जब मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने यहां एक प्रेसवार्ता में कहा, चीन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर गौर किया है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि मजबूत और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों पक्षों के साझा हितों की पूर्ति करते हैं और शांति तथा क्षेत्र और उससे परे के विकास के लिए अनुकूल हैं। हाल के दिनों में किसी अमेरिकी पत्रिका को दिए गए अपने पहले साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण और अहम हैं। मोदी ने कहा था कि, मेरा मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से बरकरार हालात का तत्काल समाधान करने की आवश्यकता है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में असहजता को पीछे छोड़ा जा सके। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल हमारे दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ ने कहा कि सीमा से जुड़ा सवाल भारत-चीन संबंधों की संपूर्णता का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए और ठीक से प्रबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से करीबी संपर्क में हैं। माओ निंग ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत समान दिशा में चीन के साथ काम करेगा, द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाइयों और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के लिहाज से संभालेगा, आपसी विश्वास बढ़ाएगा, बातचीत और सहयोग पर कायम रहेगा, मतभेदों को ठीक से संभालेगा और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और स्थिर बनाने की राह पर चलेगा।

# 'गांधी' में कस्तूरबा गांधी का किरदार निभाएंगी भामिनी ओज़ा

मुंबई/एजेन्सी



अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट की सीरीज 'गांधी' में कस्तूरबा गांधी का किरदार भामिनी ओज़ा निभायेंगी। कस्तूरबा गांधी की जयंती 11 अप्रैल के बेहद खास दिन पर बहुप्रतीक्षित सीरीज गांधी के निर्माताओं ने उस अभिनेत्री के नाम का खुलासा किया हैं जो कस्तूरबा गांधी की भूमिका निभायेगी। सीरीज गांधी में प्रतीक गांधी महात्मा गांधी की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी की भूमिका के लिये भामिनी ओझा को चुना गया है। भामिनी ओझा ने कहा, कस्तूरबा गांधी की भूमिका निभाना मेरी अभिनय यात्रा में भाग्य के एक खूबसूरत मोड़ जैसा लगता है। हंसल मेहता और अप्लॉज एंटरटेनमेंट टीम के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है, खासकर मेरे पति प्रतीक के साथ। हमारे शुरुआती थिएटर के दिनों से, हमने एक साथ स्क्रीन साझा करने का सपना देखा था, और अब आखिरकार यह सच हो रहा है। मेरी कोशिश किरदार में ईमानदारी और कहानी से वास्तविक जुड़ाव लाना है।

अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर नायर ने कहा,प्रतीक और भामिनी को मोहन और कस्तूर के रूप में लेने का फैसला हमारी सीरीज में प्रामाणिकता की एक अनूठी परत जोड़ता है। उनकी साझा समझ इन मशहूर किरदारों के चित्रण में एक अद्वितीय गहराई लाती है। निर्देशक हंसल मेहता ने कहा,मैं भामिनी को एक शानदार अभिनेत्री के रूप में जानता हूं,वह मंच पर जबरदस्त हैं। उन्हें लाइफटाइम किरदार निभाते हुए दिखाना असल में एक सम्मान है। कस्तूर खास हैं और भामिनी के प्रदर्शन के जरिए उन्हें खोजना और भी खास है ।

### पूजा उत्सव



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ गुरुवार को रांची में 'सरहुल' पूजा उत्सव में आदिवासियों के साथ पारंपरिक ढोल 'मांदर' बजाते हुए।

# एक और 'ढाका त्रासदी' होने की आशंका : इमरान खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम और 1971 की ढाका त्रासदी की परिस्थितियों के बीच तुलना की और आगाह किया कि नकदी संकट से जूझ रहे देश में मौजूदा हालात के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था ठप पड़ सकती है। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी एक खबर में बताया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक अध्यक्ष खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल से एक संदेश में मौजूदा सरकार को याद दिलाया कि देश और संस्थान स्थिर अर्थव्यवस्था के बिना नहीं बच सकते। पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव रऊफ हसन ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खान का संदेश मीडिया को सुनाया। पार्टी की कानूनी टीम ने बुधवार को जेल में 71 वर्षीय नेता से मुलाकात की थी।

बैरिस्टर रज़ा ने मीडिया को बताया कि खान अपने निश्चय में दृढ़ लेकिन देश और जनता के प्रति चिंतित नजर आए। रज़ा ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री का संदेश सुनाया, जब आप जनता को अधिकार नहीं देते तब आप यह नहीं कह सकते कि अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। उन्होंने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा,1970 में सेना प्रमुख याह्या खान त्रिशंकु संसद चाहते थे लेकिन जब शेख मुजीबुर रहमान की पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला तो सेना ने धोखाधड़ी से उपचुनाव कराया, जिसमें अवामी लीग की 80 सीटें छीन ली गईं क्योंकि याह्या खान राष्ट्रपति बनना चाहते थे। खान ने अपने संदेश में कहा, मैं हमूदुर रहमान आयोग की रिपोर्ट की याद दिलाना चाहता हूं कि हम फिर से वही गलतियां दोहराने जा रहे हैं जो हमने अतीत में की थीं। 1970 में 'लंदन प्लान' था और आज फिर से 'लंदन प्लान' के जरिए एक सरकारी थोपी गई है। खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने लगातार कहा है कि आठ फरवरी के आम चुनावों के नतीजे में धांधली हुई थी और पाकिस्तान सेना ने सत्ता संभालने के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का साथ दिया है।

# 'देवरा पार्ट 1' का नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन करेंगे करण जौहर

मुंबई/एजेन्सी




बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेटस में करेगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवरा: भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्माकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेटस में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।




# फिल्म 'दामाद जी किराए पर हैं 2' की शूटिंग शुरू

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म 'दामाद जी किराए पर हैं 2' की शूटिंग शुरू हो गयी है। यश कुमार की फिल्म दामाद जी किराए पर हैं की सफलता के बाद अब इसके सीक्वल दामाद जी किराए पर हैं 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में यश कुमार एक बार फिर से महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले हैं।

इस फिल्म का निर्देशन जय श्रीवास्तव कर रहे हैं, जबकि फिल्म का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट के द्वारा किया जा रहा है, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार ने कहा कि दामाद जी किराए पर हैं 2 कंप्लीट एक अलग कहानी पर आधारित है। उन्होंने बताया कि हमारी फिल्मों की कहानी ही हमारी पहचान है और हम इसको अपनी इस फिल्म में भी जारी रख रहे हैं। फिल्म दर्शकों के दिलों तक छू जाएगी।

फिल्म का गीत और संगीत एक बार फिर से अलग होगी। मैं अपनी इस फिल्म के बारे में इतना ही कहूंगा कि शुरू से में अपने दर्शकों के मनोरंजन में गुणवत्ता लेकर आता रहा हूं और यही सिलसिला हमारी इस फिल्म में भी जारी रहेगा। इतना जरूर कहूंगा कि यह फिल्म भी आप लोगों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि फिल्म का निर्माण हमारे लिए पैसे कमाने से ज्यादा भोजपुरी सिनेमा को समृद्ध करने के लिए है उसे दिशा में मैं अक्सर लीक से हटकर फिल्में करता रहता हूं। फिल्म 'दामाद जी किराए पर हैं 2' में यश कुमार के साथ सपना चौहान, अमित शुक्ला, योगांत पांडे, वियना डडवानी, पंकज मेहता, ममता वर्मा, रागिनी दुबे पूनम वर्मा, सुजीत भट्ट और धनंजय सिंह मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।



# 17 को रिलीज होगी 'इट्स ऑल इन योर हेड'

मुंबई/एजेन्सी

निर्देशक ध्रुव सोलंकी की फिल्म, 'इटस ऑल इन योर हेड', 17 अप्रैल से गुडशो ऍप पर प्रदर्शित होगी। फिल्म, 'इटस ऑल इन योर हेड',भारत के छोटे शहरों में रहनेवाले युवाओं और उनके आधुनिक मानसिकता को एक अलग अंदाज़ में दर्शाती है। फिल्म की कहानी वडोदरा में रहने वाले छह भाई-बहनों के जीवन के एक दिन पर केंद्रित है, जिनकी विचारधारा आधुनिक है और अमरीकी संस्कृति से प्रभावित है। इन लोगों की व्यक्तिगत कहानियों के द्वारा, फिल्म भारत के छोटे शहरों से जुड़े हुए कई रूढ़िवादी विचारधाराओं को वास्तविक तरीके से गलत साबित करती है। यह फिल्म आज के युवाओं के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में आने वाली अनेक चुनौतियों को भी दर्शाती है।

'इटस ऑल इन योर हेड' निर्देशक ध्रुव सोलंकी की पहली फ़ीचर फ़िल्म है, इससे पहले, ध्रुव ने पांच शॉर्ट फ़िल्मों का निर्देशन किया है, जो कई प्रतिष्ठित फ़िल्म फेस्टिवल्स में प्रदर्शित हुई है। इस फिल्म में ध्रुव सोलंकी के मुख्य सहायकों में ज्योत्सना राजपुरोहित और बोनिता राजपुरोहित शामिल हैं ज्योत्सना ने न केवल फिल्म का निर्माण किया है, बल्कि इसमें अभिनय भी किया है और देवांकुर सिन्हा के साथ फिल्म का छायांकन भी किया है. बोनिता राजपुरोहित (जो निदेशक दिबाकर बनर्जी की जल्द ही प्रदर्शित होने वाली फिल्म 'एलएसडी 2: लव, सेक्स और धोखा 2' में दिखाई देंगी) ने फिल्म का संपादन किया है और सहायक निर्देशक के रूप में काम किया है, इसके अलावा, उन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभाई है।



# 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम', दोहरी भूमिका में नजर आएंगे विजय

मुंबई/एजेन्सी

बॉक्स ऑफिस पर पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो देने वाले अभिनेता थलापति विजय इन दिनों अपनी अगली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। गुरुवार को इस फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के प्रदर्शन तिथि की घोषणा की। विजय की यह फिल्म लंबे समय से सुर्खियों में हैं। गुरुवार को फिल्म के निर्माताओं में से एक, ऐश्वर्या कल्पथी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। इसके साथ उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर भी साझा किया। पोस्टर में थलापति विजय दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' 5 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म बेहद खास होने वाली है।

फिल्म के नए पोस्टर में विजय एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक विस्फोट होता हुआ भी दिखाई दे रहा है। हाल ही में, थलापति विजय का फिल्म के सेट से एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वे किक स्कूटर चलाते हुए दिखाई दे रहे थे। इस फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में नजर आएंगे। दर्शकों को उन्हें दो-दो किरदार में देखना काफी रोचक होने वाला है। फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में विजय के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी, जयराम, प्रभु देवा, माइक मोहन और योगी बाबू अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

# 28 साल बाद मनीषा कोईराला ने संजय लीला भंसाली के साथ किया काम

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया,मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है।

ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है।

हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शक्ति सम्पन्न बनने के लिए साधना जरूरी है, साधना के लिए सरलता, विनम्रता चाहिए। अटूट श्रद्धा, एकाग्रता, स्थिरता, नियमितता होने से मंत्र को साधा जा सकता है। मानसिक, शारिरिक, भावनात्मक शांति में मंत्र उपयोगी साधन बनता है। श्रावक समाज को नेम और फ्रेम की बनिस्पत संघ और संघपति की सेवा में सलग्न बनना चाहिए। थीटा, बीटा आध्यात्मिक मंत्र साधना से अल्पा तरंगों में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रमाद, निन्दा, कुरूतियाँ दूर हो जाती हैं। हर व्यक्ति चाहता है कि मैं शक्ति सम्पन्न बनू। जैन धर्म प्राचीनतम धर्म है।



# जीके विद्यालय के नवनिर्मित भवन में तीन कक्षा रूम का दिया योगदान


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां रायपुरम स्थित जीके जैन विद्यालय में नवनिर्मित भवन में दानदाताओं द्वारा तीन अत्याधुनिक कक्षाकक्ष का योगदान दिया गया। कमला स्टोर के श्रीपाल कोठारी, चंद्रप्रकाश कोठारी तथा कोठारी परिवार द्वारा शिक्षा हेतु योगदान किया गया। विजयलाल कोठारी एवं जतन कवणी परिवार व मंगलचंद बाफना परिवार की ओर से शिक्षा हेतु सहयोग दिया गया। सचिव ज्ञानचंद कोठारी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आध्यात्मिक प्रकाश का केन्द्र शिक्षा है। जिससे क्षमतानुसार सभी को योगदान करना चाहिए जो एक आदर्श समाज का निर्माण करता है।

इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से पत्राचारक महावीर कोठारी, कार्यकारिणी सदस्य अभय मरलेचा, भरत बाफना, अशोक बैद, ऋषभ कोठारी आदि का सम्मान किया गया। महावीर कोठारी ने सबको धन्यवाद दिया।

# नेत्रहीनों को पढ़ाई में सहायता के लिए एक छात्र ने बनाया उपयोगी डिवाइस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के आईआईआईटी-बी में अंतिम वर्ष आईएमटेक के छात्र मंयक काबरा ने दृष्टिबाधित छात्रों की पढ़ाई में मदद करने वाला उपकरण बनाया और उसका पेटेंट प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की। आईआईआईटी-बी वर्तमान में ज्यूरिख में विशेषज्ञता के साथ ईटीएच पर अपनी इंटर्नशिप कर रहे मंयक काबरा ने बताया कि दृष्टिबाधित लोगों की उंगली पर लगाए जाने वाले उपकरण की तकनीक उन्होंने विकसित की है और यह दृष्टिबाधित छात्रों के लिए एक सस्ता प्रभावी समाधान है। डिवाइस हैप्टिक तकनीक, रीयल-टाइम डिजिटल बोर्ड इंटरैक्शन और स्पर्शनीय ब्रेल फीडबैक के संयोजन के माध्यम से संचालित होती है। डिवाइस सेंसर मॉड्यूल कक्षा के डिजिटल बोर्ड से लाइव डेटा कैप्चर करता है। यह उपकरण दृष्टिबाधित लोगों की उंगलियों पर लगाया जाएगा, जहां लाइव कक्षा में, जब भी शिक्षक डिजिटल बोर्ड पर लिखना शुरू करेंगे, तो डिवाइस व्हाइटबोर्ड के कर्सर से फीडबैक प्राप्त करेगा और उस व्यक्ति के हाथ को आगे बढने के लिए आदेश देगा। हैप्टिक तकनीक का उपयोग कर एक योजना डिवाइस पर पॉइंटर की वर्चुअल मैपिंग, लेखन को टेक्स्ट स्ट्रीम में परिवर्तित किया जाएगा और माइक्रोकंट्रोलर के माध्यम से डिवाइस पर भेजा जाएगा। इसमें ब्रेल बिंदु लगे हुए हैं जहां यह आपको व्हाइटबोर्ड पर लिखे गए पाठ का एहसास कराएगा। दूसरी ओर छात्र बोर्ड पर खींची गई आकृतियों की रूपरेखा को भी दोहरा सकते हैं और प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि तकनीक उंगली पर खींची गई आकृति की अनुभूति देती है।



# केकेजी ज़ोन सम्मेलन 'ख़ुशियों की गारंटी' में विभिन्न चैप्टरों को दिए गए पुरस्कार

## नार्थ चैप्टर को भी मिले अनेक अवार्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) केकेजी(कर्नाटक-केरला-गोवा) के अंतर्गत गोवा में त्रिदिवसीय केकेजी ज़ोन सम्मेलन 2.0 'ख़ुशियों की गारंटी' का आयोजन किया जिसमें बेंगलूरु नार्थ चैप्टर के 20 पदाधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में केकेजी के अंतर्गत आने वाले सभी चैप्टर सदस्यों की उपस्थिति में सभी चैप्टरों ने अपनी अपनी 18 माह की रिपोर्ट प्रस्तुत की। नार्थ चैप्टर के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, लेडीज विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी, यूथ विंग अध्यक्ष मनीष कोठारी ने विभिन्न चैप्टरों की समीक्षा की। जीतो के बेंगलूरु नार्थ चैप्टर ने सम्मेलन में अनेक उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त किए। केकेजी जोन का सर्वश्रेष्ठ चैप्टर(साउथ चैप्टर के साथ), आर्थिक सशक्तीकरण में सर्वश्रेष्ठ चैप्टर, आर्थिक विकास और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार दिए गए। सर्वश्रेष्ठ महिला विंग (मेट्रो) के अवार्ड से बेंगलूरु नार्थ की लेडीज विंग रही। यूथ विंग ने सबसे होनहार युवा टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में सम्मान मिला। इस मौके पर चैप्टर के महामंत्री सुधीर गादिया, उपाध्यक्ष राजेश मेहता, प्रवीण शाह, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, मंत्री देव सामर, महेंद्र सोलंकी, विमलेश भंडारी, सिद्धार्थ पटवा, अशोक भंडारी, लेडीज विंग सदस्यता संयोजिका मीना बडेरा, यूथ विंग महामंत्री ख़ुशी पोरवाल, यश मेहता उपस्थित थे।



# मंत्र साधना से व्यक्ति बनता है शक्ति सम्पन्न : साध्वी गवेषणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई/ शुंगाछत्रम। भारतीय नव संवत्सर वर्ष विक्रम संवत 2081 के शुभारम्भ के अवसर पर आध्यात्मिक मंत्रों से परिपूर्ण साधना का आयोजन साध्वी डॉ गवेषणाश्री के सान्निध्य में संचेती सदन, शुंगाछत्रम् में आयोजित हुआ। इस मौके पर ज्ञानाशाला के बच्चे और कन्या मण्डल की कन्याएं उपस्थित थी। लगभग एक घण्टे तक चले मंत्र साधना के बाद साध्वीश्री ने साधकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जो मंत्र साधना हुई, वह साल में मात्र तीन-चार बार ही सामूहिक साधना की जाती हैं। हर व्यक्ति चाहता है कि मैं शक्ति सम्पन्न बनू। जैन धर्म प्राचीनतम धर्म है। तीर्थंकरों ने स्वयं साधना कर श्रावक समाज को भी साधना सम्पन्न बनने की प्रेरणा दी। जैनागमों में अनेकों मंत्रों का समावेश है, जो अनेकों बाधा विपदाओं को मिटाने के साथ नवीन ऊर्जा का संचार करता है।

साध्वीश्री ने कहा कि शक्ति सम्पन्न बनने के लिए साधना जरूरी है, साधना के लिए सरलता, विनम्रता चाहिए। अटूट श्रद्धा, एकाग्रता, स्थिरता, नियमितता होने से मंत्र को साधा जा सकता है। मानसिक, शारिरिक, भावनात्मक शांति में मंत्र उपयोगी साधन बनता है।

साध्वीश्री ने कहा कि श्रावक समाज को नेम और फ्रेम की बनिस्पत संघ और संघपति की सेवा में सलग्न बनना चाहिए। साध्वीश्री मयंकप्रभा ने कहा कि थीटा, बीटा आध्यात्मिक मंत्र साधना से अल्पा तरंगों में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रमाद, निन्दा, कुरूतियाँ दूर हो जाती हैं। साध्वीश्री दक्षप्रभाजी ने कविता के माध्यम से विचार व्यक्त किए।

स्थानीय महिला शक्ति ने मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया। ज्ञानाशाला प्रभारी सुरेश मुथा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा, वर्षा संचेती ने विचार व्यक्त किए। मदनलाल बोहरा ने अपने विचार रखते हुए आगामी 14 अप्रैल को चेन्नई महानगर प्रवेश पर आवड़ी में आयोजित कार्यक्रम के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे का आमंत्रण दिया। विशाल संचेती ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन साध्वीश्री मैरुप्रभाजी ने किया।



# तीर्थकरों के करुणा से ही हमारा जीवन संभव : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। शहर के शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि तीर्थकर अरिहंत की करुणा के बिना जीवों का जीवन कष्टमय हो जाता है। जीवन सदाबहार रहे, हर पल महकत्ता रहे और ये गुलशन कभी न मुरझाए इसके लिए प्रभु की करुणा को पाने के योग्य खुद को बनाना चाहिए्। हमें प्रभु से प्रार्थना करना चाहिए कि हम पूर्ण नहीं है।

हममें कुछ न कुछ कमी है, दोष है, दुर्गण है, अतः हे दयालु भगवान जैसे एक मां बच्चे को गंदा होने पर स्वच्छ करती हैं वैसे आप हमें करुणा से नहलाकर स्वच्छ करे। शुक्रवार से शहर के भारत प्राइड में नवनिर्मित शिखरबद्ध जिनालय की अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ होगा।



# केकेजी जोन सम्मेनल में हुब्बल्ली जीतो चैप्टर को मिले कुल 6 अवार्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। गोवा में केकेजी ज़ोन द्वारा आयोजित क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन में जीतो हुब्बल्ली चैप्टर को छह प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। चैप्टर को कनेक्टिविटी में उत्कृष्टता, सर्वश्रेष्ठ चैप्टर के लिए उपविजेता, सर्वश्रेष्ठ युवा चैप्टर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन, युवा चैप्टर कनेक्टिविटी में अग्रणी, सबसे होनहार महिला चैप्टर और महिला चैप्टर श्रेणी में असाधारण कनेक्टिविटी श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर जीतो एपेक्स के चेयरमैन सुखराज नाहर, अध्यक्ष कांतिलाल ओसवाल, उपाध्यक्ष खुशालराज भंसाली, केकेजी के चेयरमैन अशोक सालेचा, उपाध्यक्ष प्रवीण बाफना, महामंत्री दिलीप जैन ने जीतो हुब्बल्ली के चेयरमैन अनिलकुमार जैन, महामंत्री प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष शरद मोमाया, महिला अध्यक्ष गीता छेड़ा, महामंत्री शीतल शाह, युवा चेयरमैन अंकित जैन,महामंत्री अक्षय बागरेचा आदि को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए ।



**विमोचन**

बेंगलूरु में गुरुवार को गांधीभवन में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति परकला प्रभाकर द्वारा गणतंत्र कार्य प्रगति पर एक पुस्तिका का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया। इस मौके पर मंच पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार बीआर पाटिल, वरिष्ठ पत्रकार सुधींद्र कुलकर्णी, सहित राजप्पा दलवई और अन्य गणमान्य मौजूद थे।



# जीतो लेडीज विंग ने आयोजित की जेबीएन बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के जीतो परिवार से लेडीज विंग द्वारा जेबीएन की एक बैठक होटल परिसर में आयोजित की गई जिसमें 45 सदस्यों ने भाग लिया। रजनी डागलिया ने मंगलाचरण किया। जीतो चेयरमैन कांतिलाल चौहान ने सभी का स्वागत किया। जीतो महिला संयोजिका शर्मिला धोका ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रुपरेखा समझाई।

उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थित जनों ने आपस में व्यापारिक रेफरल का आदान प्रदान किया तथा परस्पर व्यापार की इच्छा जताई।

इस मौके पर जीतो मैसूरु चैप्टर चेयरमैन कांतिलाल चौहान, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, कोषाध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, यूथ विंग चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल मुख्य सचिव हिमांशु आच्छा, लेडीज विंग चेयरपर्सन मोना भटेवरा मुख्य सचिव रजनी डागलिया, कोषाध्यक्ष सरिता बागमार, सहसचिव मीनाक्षी कोठारी आदि सदस्यों ने भाग लिया।



# कडलूर जिला चुनाव आयोग की सहायक निदेशक ने किए मुनि दीपकुमार के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कडलूर। दक्षिण तमिलनाडु के कडलूर जिले के चुनाव आयोग की सहायक निर्देशक (असिस्टेंट डायरेक्टर) अनंत नायगी ने शहर के चिंतामणी पार्श्वनाथ जैन मन्दिर में विराजित मुनिश्री दीपकुमारजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अनंत नायगी ने मुनिश्री से लोकसभा चुनावों के बारे में चर्चा की। मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि जैनाचार्य तुलसी ने भारतवर्ष की स्वतंत्रता के बाद जनता में नैतिक, चारित्रिक मूल्यों के विकास को लेकर अणुव्रत आन्दोलन का प्रर्वतन किया। आज उसके 75 वर्ष पूर्ण हो गए है। अणुव्रत चुनावों में भी नैतिकता, प्रामाणिकता का विकास हो उसके लिए आह्वान करता है। अणुव्रत चुनाव शुद्धि अभियान के अन्तर्गत अणुव्रती कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों और जनता को जागृत करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा अन्य समसामयिक विषयों पर बातचीत हुई। इस अवसर पर शोभागमल सांड, शांतिलाल मेहता, कुशाण सांड आदि उपस्थित थे।



**ईद की नमाज**

मुसलमानों का पवित्र त्योहार रमजान का आखिरी दिन ईद-उल-फितर या महीने भर चलने वाला रमजान त्योहार भव्य अंदाज में देश भर में मनाया गया। बेंगलूरु में गुरुवार को चामराजपेट के ईदगाह मैदान में प्रेम, शांति और सद्भाव के प्रतीक ईद-उल-फितर में मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की। इस मौके पर क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री जमीर अहमद उपस्थित थे।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में डीके शिवकुमार को लोकायुक्त का नोटिस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच को लेकर दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है, आपके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का मामला है। मामला लोकायुक्त को स्थानांतरित कर दिया गया है। सीबीआई जांच के दौरान आपने जो जानकारी और दस्तावेज जमा किये हैं, उसे लोकायुक्त के समक्ष भी प्रस्तुत करें। लोकायुक्त की ओर से नोटिस जारी किये जाने से शिवकुमार को खुद का बचाव करने के लिए जांच और दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में जांच का काम सीबीआई को सौंपे जाने संबंधी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के फैसले के विपरीत मौजूदा कांग्रेस सरकार की ओर से इसकी अनुमति वापस लेना एक विवादास्पद कदम माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री को हाल ही में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किये गये मामले को रद्द करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले से अस्थायी राहत मिल सकती है।



# गोड़वाड़ भवन में शुरु हुआ जैन मॉइनारिटी वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैनों को अल्पसंख्यक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जैन मॉइनारिटी वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया जिसका कार्यालय गोड़वाड़ भवन जैन ट्रस्ट के सहयोग से गोड़वाड़ भवन में शुरु किया गया। इस संगठन का मुख्य कार्य अल्पसंख्यक मंत्रालय से जारी सभी योजनाओं का लाभ जैन समाज के जरुरतमंद लोगों को दिलाना है। इसमें छात्रवृत्ति, शिक्षा लोन, अल्पसंख्यक सर्टिफिकेट, बिजनेस लोन, मंदिरों का जीर्णोद्धार और समुदाय भवन का निर्माण आदि कामों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

एसोसिएशन की अध्यक्ष रेणु रांका, मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गोड़वाड़ जैन भवन के चेयरमैन कुमारपाल सिसोदिया गौतमचंद ओस्तवाल, उत्तमचंद छाजेड़, महेश जैन, जितेन्द्र कवाड़, अशोक वनेचंद जैन, जितेन्द्र ओस्तवाल, पुनीत ओस्तवाल, कल्प ओस्तवाल, मोनिका कुमट, आकांक्षा कानूंगा, प्रेरणा जैन आदि की उपस्थिति में इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया। एसोसिएशन की अध्यक्ष रेणु रांका ने गोड़वाड़ भवन के चेयरमैन कुमारपाल सिसोदिया के प्रति उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.